हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 13 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 25, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

श्रीलीला को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन



# भारत और मॉरीशस के बीच कई समझौते रणनीतिक साझेदारी को मिला विस्तार

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत और मॉरीशस के बीच वित्तीय अपराध की रोकथाम, छोटे एवं मझोले उद्यम, सार्वजनिक सेवा क्षमता निर्माण, समुद्री सुरक्षा और स्थानीय मुद्रा व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। साथ ही सेंट ब्रैंडन द्वीप का एक नौसैनिक चार्ट भी सौंपा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए संबंधों को अपग्रेड करने की पुष्टि की।

प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को लेकर एक्स पोस्ट में कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस के विशेष अवसर पर उन्हें अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम से मिलने और भारत-मॉरीशस दोस्ती की पूरी श्रृंखला पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने अपनी साझेदारी को एक बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। हमने इस बारे में बात की कि हम बुनियादी ढांचे, आवास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और बहुत कुछ जैसे क्षेत्रों में एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। हम एआई, क्षमता निर्माण और स्थायी विकास जैसे क्षेत्रों में अधिक जमीन को शामिल करने पर भी सहमत हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के विकास के लिए भारतीय प्रतिबद्धता को दोहराया और उच्च-प्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं के चरण-दो तथा मॉरीशस के लिए एक नए संसद भवन के निर्माण के लिए समर्थन की घोषणा की। दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने संयुक्त रूप से मॉरीशस में भारत-सहायता प्राप्त सिविल सर्विस कॉलेज का उद्घाटन किया। संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। संस्थान मॉरीशस के नौकरशाहों के लिए प्रशिक्षण के अवसरों को बढ़ाने के लिए उत्कृष्टता का एक केंद्र है। इस दौरान 20 उच्च-प्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं और एक भारत-सहायता प्राप्त स्वास्थ्य केंद्र (एएचसी) परिसर का उदघाटन किया गया। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इससे जमीनी तौर पर स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं का विकास होगा जिससे लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।


## प्रधानमंत्री मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी, नई दिल्ली



मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ़ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान सम्मानित प्रधानमंत्री ने हार्दिक आभार प्रगट करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच के रिश्ते के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मान है। साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया कि भारत-मॉरीशस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम ने कल एक सामुदायिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी सम्मान के वास्तविक अधिकारी हैं। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मीना को 'ओवरसीज सिटिजन आफ इंडिया' (ओसीआई) कार्ड प्रदान किया था।

## बीएसएफ जवानों का वाहन खाई में गिरा, तीन की मौत, 13 घायल



### मणिपुर में बेस कैंप लौट रहा वाहन हुआ हादसे का शिकार

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर के सेनापति जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां बीएसएफ जवानों को ले जा रहा एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में 03 जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी अनुसार मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी अचानक खाई में जा गिरी। इस हादसे में 03 जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा इंफाल-दीमापुर नेशनल हाईवे पर चांगौबंग गांव के करीब शाम 4 बजे हुआ। हादसे का शिकार हुए सभी जवान एक ही बटालियन के बताए गए हैं। इनकी तैनाती नगालैंड के झादिमा में रही जबकि मणिपुर के हालात बिगड़ने के बाद इन्हें राज्य में तैनात किया गया था। बताया जा रहा है कि हादसा तब हुआ जबकि जवान अपनी क्यूआरटी ड्यूटी पूरी करने के बाद कांगपोकपी से आईआईआईटी, मयांगखांग स्थित बेस कैंप में वापस लौट रहे थे। सूत्रों की मानें तो गाड़ी ओवरलोडेड थी, और चालक का संतुलन बिगड़ जाने के बाद वाहन गहरी खाई में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज बस खाई में गिरी,एक यात्री की मौत



**एजेंसी, वाराणसी**। जिले के चोलापुर थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार रोडवेज विभाग की अनुबंधित बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। घटना देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने खाई में गिरी बस से यात्रियों को निकालना शुरू किया।

### सीएम योगी विकास और विरासत को प्रत्येक घर में पहुंचा रहे : स्वतंत्र देव सिंह



**एजेंसी, प्रयागराज**। मुख्यमंत्री योगी आस्था का भव्य जागरण के साथ विकास और विरासत को प्रदेश के हर घर में पहुंचा रहे हैं। यह बात बुधवार को जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शक्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही।

### जमीन विवाद में पूर्व प्रधान की पीट-पीटकर हत्या



**एजेंसी, प्रतापगढ़** । जेठवारा थाना क्षेत्र में बुधवार को पूर्व ग्राम प्रधान की लाठी डंडे से पीट—पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बलापुर गांव में रहने वाले पूर्व प्रधान छेदी पटेल की पड़ोसियों से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। बुधवार को वह अपने खेत की ओर जा रहे थे। तभी पड़ोसियों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी।

## मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने पेश किया 4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट

एजेंसी, भोपाल



मध्य प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया और न ही किसी भी कर की दर बढ़ाना प्रस्तावित किया गया है। वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व प्राप्तियों का बजट अनुमान रुपए 2 लाख 90 हज़ार 879 करोड़ है। राजस्व प्राप्तियों में राज्य करों से प्राप्तियां, रुपए 1 लाख 9 हज़ार 157 करोड़ तथा केन्द्रीय करों में प्रदेश के हिस्से के अंतर्गत प्राप्तियां, रुपए 1 लाख 11 हजार 662 करोड़ अनुमानित हैं। कर भिन्न राजस्व प्राप्तियां, रुपए 21 हजार 399 करोड़ तथा केन्द्र सरकार से सहायक अनुदान अंतर्गत प्राप्तियां, रुपए 48 हज़ार 661 करोड़ अनुमानित हैं।वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश के स्वयं के कर राजस्व एवं गैर कर राजस्व में, वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान की तुलना में लगभग 6.4 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है।राजस्व प्राप्तियों का वर्ष 2024-25 का बजट अनुमान रुपए 2 लाख 63 हज़ार 344 करोड़ रहा है, जिसमें रुपए 27 हज़ार 535 करोड़ की वृद्धि कर वर्ष 2025-26 के लिये रुपए 2 लाख 90 हज़ार 879 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। वर्ष 2025-26 के लिये कुल विनियोग की राशि रुपए 4 लाख 21 हज़ार 32 करोड़, राजस्व व्यय रुपए 2 लाख 90 हज़ार 261 करोड़ तथा पूंजीगत परिव्यय रुपए 85 हज़ार 76 करोड़ प्रस्तावित है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वाराणसी दौरा, रोपवे स्टेशन का करेंगे निरीक्षण

एजेंसी, वाराणसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आ रहे हैं। सीएम जौनपुर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वाराणसी पहुंचेंगे और रात्रि प्रवास करेंगे। यहां सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गंजारी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और लहरतारा से रोहनिया के बीच बन रहे सिक्सलेन सड़क का निरीक्षण भी कर सकते हैं। वाराणसी प्रवास में मुख्यमंत्री काशी विद्यापीठ परिसर के पास रोपवे स्टेशन का निरीक्षण भी करेंगे। रोपवे के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री कालभैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद अगले दिन गुरूवार को गोरखपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के वाराणसी दौरे और विकास कार्यों के भौतिक निरीक्षण को देखते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी अलसुबह ही सक्रिय हो गए। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ मुख्यमंत्री के आने जाने वाले मार्ग पर भी यातायात संबंधी व्यापक प्रबंध किए हैं।

बताते चलें कि रोपवे स्टेशन का 90 फीसदी से अधिक काम लगभग पूर्ण हो गया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित वाराणसी दौरे में इसका लोकार्पण हो सकता है। मुख्यमंत्री वाराणसी दौरे में इसके ट्रायल को देखने के बाद कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

## यूपी में होली के पर्व के दौरान ढकी जाएगी मस्जिदें

### अलर्ट मोड में पुलिस, जुलूस स्थलों पर ड्रोन से निगरानी

एजेंसी, लखनऊ

होली का त्यौहार और जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। होली पर चलने वाले रंग को देखते हुए मस्जिदों को तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की गई है। कुछ जगहों पर ढक दी गई हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। साथ ही हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने के आदेश पुलिस को दिये हैं। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों से कहा है कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की इजाजत न दी जाए। जिन जगहों पर होलिका दहन, जुलूस निकलते हैं वहां पर फोर्स तैनात किए जाए। उन्होंने कहा कि होली पर्व शुक्रवार (जुमे) के दिन पड़ने के चलते प्रशासनिक अधिकारी सभी धर्मगुरुओं, आयोजकों के साथ बैठक कर लें। इनकी ओर से त्यौहार से संबंधित बतायी गई सारी समस्याओं का पहले से निस्तारण कर लिया जाए। मिश्रित आबादी के क्षेत्रों के जुलूस के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाए।

## कांग्रेस का पीएम मोदी से सीधा सवाल, मॉरीशस के बाद मणिपुर कब जाएंगे?

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉरीशस यात्रा को लेकर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके पास बार-बार विदेश यात्रा का समय है, जबकि मणिपुर के लोग अब भी उनकी यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री का लगभग दो साल से मणिपुर का दौरा नहीं करना वास्तव में राज्य के लोगों का अपमान है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री अभी मॉरीशस के लिए रवाना हुए हैं। लेकिन मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री की यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री का मणिपुर नहीं जाना राज्य के लोगों का अपमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे। इस दौरान वह देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। मोदी की यह यात्रा मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान दोनों देश दक्षता विकास, व्यापार और सीमा पार वित्तीय अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। उधर, कांग्रेस पार्टी की तेजतर्रार प्रवक्ता अलका लांबा ने आस्ट्रेलिया में रहने वाले बलात्कार आरोपी बालेश धनखड के साथ प्रधानमंत्री के फोटो का मामला उठाया। बालेश को स्थानीय कोर्ट ने बलात्कार संबंधित आरोपों की सुनवाई करते हुए 40 साल की सजा सुनाई है। अल्का लांबा ने फोटो के आधार पर बालेश धनखड जैसे अपराधी मानसिकता वाले लोगों के साथ भाजपा के सर्वोच्च नेताओं के साथ तस्वीरों पर सवाल उठाते हुए सफाई मांगी।

## वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने जमकर खेली गुलाल होली

एजेंसी, वाराणसी

वाराणसी में रंगों के पर्व होली के पूर्व की जाति धर्म की बंधन टूट गए हैं। त्यौहार की रौनक और खुमारी चहुंओर दिखने लगी है। बुधवार को लमही स्थित सुभाष भवन में मुस्लिम महिला फाउण्डेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होली उत्सव में मुस्लिम महिलाओं ने अबीर गुलाल से जमकर होली खेली। वहीं हिन्दू समाज की महिलाओं ने उनका साथ देते हुए परम्परागत होली गीत गाए। गुलाब की पंखुड़ियों के साथ हरे, लाल गुलाल और गुलाब जल के मिश्रण की बारिश के बीच मुस्लिम महिलाओं ने भी ढोल की थाप पर "होली खेलें रघुराई अवध में, कृष्ण कन्हाई गोकुल में हो.... गीत गाकर एकता, प्रेम, सद्भाव का संदेश दिया। इस दौरान मुस्लिम महिला फाउण्डेशन की नेशनल सदर नाज़नीन अंसारी ने कहा कि होली हमारे पूर्वजों और महान भारतीय संस्कृति का त्यौहार है। इसे नहीं खेलेंगे तो हम जन्नत में जाकर अपने पूर्वजों को क्या जबाव देंगे। हम न अरबी हैं, न ईरानी और न तुर्की। इसलिए हम उनकी संस्कृति किसी कीमत पर नहीं मानेंगे। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव ने कहा कि जिन लोगों को होली के रंग से परहेज है वो रंगरेज (कपड़ों को रंगने वाले) को कैसे मना करेंगे। बीमार पड़ने पर खून तो वो किसी का चढ़वा लेते हैं। जब जान बचानी हो तो कोई हद नहीं है, जब देश बचाना हो तो नफरत की आग लगाएंगे। संस्थान की केन्द्रीय परिषद सदस्य डॉ नजमा परवीन ने मुस्लिम समाज को लेकर नसीहत भरी बात कही। उन्होंने समाज के होली न खेलने की ताकीद देने वालों लोगों के लिए कहा कि जिनकी जिंदगी खुद बदरंग है वो क्या होली खेलेंगे ? हम होली के रंग से नफरत की आग बुझाएंगे और जन्नत भी जाएंगे। हमें किसी के सलाह की जरूरत नहीं। हम भगवान श्री राम और श्री कृष्ण की संतान हैं, हमें कोई अलग नहीं कर सकता।



## उत्तर प्रदेश में होली पर 1.86 करोड़ पात्र लाभार्थियों को मिली रसाई गैस सब्सिडी

एजेंसी, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली पर्व के अवसर पर बुधवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र लाभार्थियों को 1,890 करोड़ रुपये की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रदेश के हर जिले में सब्सिडी वितरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए इस अभियान को मोदी ने 2016 में शुरू किया। इस अभियान के तहत देश के 10 करोड़ परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। उन्हें फ्री में रसोई गैस कनेक्शन मिले। प्रदेश में लगभग दो करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए। हम लोगों ने 2022 के चुनाव में वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर दीपावली और होली पर फ्री में सिलेंडर दिया जाएगा। मुझे प्रसन्नता है कि होली के पहले यह एक उपहार आप सबको मिल रहा है। होली के साथ रमजान भी है। दोनों लोग इसका लाभ पाएंगे। पहले क्या होता था, कनेक्शन ही नहीं मिल पाता था। 20 से 30 हजार रुपये घूस देना पड़ता था। उसके बाद भी रसोई गैस नहीं मिलती थी। पर्व और त्योहारों के समय तो बड़ी किल्लत होती थी। उन्होंने कहा कि माताओं की आंखों को बचाने के लिए इस योजना की बड़ी भूमिका है। बिना किसी भेदभाव के कोई भी इस योजना का लाभ पा सकता है। प्रदेश भर के सभी लाभार्थियों को जिन्हें पैसा भेजा जा रहा है, उन्हें बधाई देता हूं। प्रदेश में 80 हजार राशन कोटे की दुकान है। पहले राशन नहीं मिलता था। अब सबको मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में पहली बार हॉटलाइन मेंटेनेंस तकनीक से ग्रिड उपकेंद्रों एवं संचरण लाइनों की मरम्मत शुरू

**पटना।** बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने राज्य में पहली बार हॉटलाइन मेंटेनेंस तकनीक का उपयोग करते हुए ग्रिड उपकेंद्रों और संचरण लाइनों की मरम्मत का कार्य शुरू किया है। इस अत्याधुनिक तकनीक का मुख्य लाभ यह है कि मरम्मत के दौरान विद्युत आपूर्ति को बंद करने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के बिजली मिलती रहती है। इस पहल की शुरूआत पटना पश्चिमी अंचल के बिहटा-दीघा ग्रिड उपकेंद्र में की गई है और जल्द ही इसे राज्य के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जाएगा।इस तकनीक के उपयोग से बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति, मरम्मत कार्य में तेजी, और लागत में कमी जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिलेंगे। पारंपरिक रखरखाव प्रक्रिया में, मरम्मत के दौरान ट्रांसमिशन लाइनों को बंद करना पड़ता था, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती थी। हॉटलाइन मेंटेनेंस के माध्यम से लाइन में विद्युत प्रवाह जारी रहते हुए विशेष सुरक्षा उपकरणों एवं इंसुलेटेड टूल्स की मदद से मरम्मत कार्य किया जाता है। इससे ब्लैकआउट की संभावना कम होती है एवं बिजली कटौती के कारण होने वाली असुविधा समाप्त होती है।बीएसपीटीसीएल ने इस तकनीक को लागू करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित तकनीशियनों एवं इंजीनियरों की एक टीम गठित की है, जो आधुनिक इंसुलेटेड बूम ट्रक, ग्लव्स, हेलमेट और अन्य विशेष उपकरणों का उपयोग करके उच्च वोल्टेज लाइनों पर मरम्मत कार्य करने में सक्षम है। इस तकनीक में कार्यकतार्ओं को "लाइन पर लाइव वर्किंग" के लिए विशेष सुरक्षा उपायों के तहत प्रशिक्षित किया गया है, जिससे वे बिना बिजली काटे मरम्मत कर सकते हैं।इस तकनीक के इस्तेमाल से बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय, स्थिर और सतत् बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। अब तक, मरम्मत कार्य के लिए बार-बार बिजली कटौती करनी पड़ती थी, जिससे घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को परेशानी होती थी। हॉटलाइन मेंटेनेंस तकनीक के लागू होने से यह समस्या दूर होगी, जिससे बिहार के आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी बल मिलेगा। ट्रांसमिशन कंपनी की योजना है कि इस तकनीक का विस्तार अन्य प्रमुख ग्रिड उपकेंद्रों और संचरण लाइनों तक किया जाए, जिससे पूरे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके तहत कंपनी अपने कर्मचारियों को और अधिक विशेषीकृत प्रशिक्षण दे रही है और नवीनतम उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है।

### एक साल के अंदर 2,428 ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए गए

**पटना।** राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। अप्रैल 2024 से अब तक 2,428 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।जबकि, 101 ड्राइवरों के लाइसेंस को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। परिवहन विभाग ने साफ कर दिया है कि जो लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सभी ड्राइवर सतर्क रहें, नियमों का पालन करें। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलों के परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो चालक बार-बार नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनके लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द किए जाएं। संजय अग्रवाल ने लोगों से अपील की है कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। इससे सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकेगा। यात्रा को सुरक्षित बनाया जाएगा। ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (अठढफ) कैमरों से नियम तोड़ने वालों की पहचान की जा रही है। संयुक्त वाहन जांच अभियान के तहत पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर सड़क पर कड़ी जांच कर रहे हैं। जनजागरूकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को नियमों की जानकारी दी जा रही है।

### बिहार विधान परिषद में उठा पत्रकारों की पेंशन बढ़ाने का मामला

**पटना।** बिहार विधान परिषद में बुधवार को भोजनावकाश के बाद सदन की बैठक शुरू होते ही पत्रकारों की पेंशन बढ़ाने की मांग उठा। सदन में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक संजय प्रकाश उर्फ संजय मयूख ने राज्य में पत्रकारों का पेंशन बढ़ाने की मांग सरकार से की। सदस्य का कहना था कि देश के अन्य राज्यों में यहां से अधिक राशि पत्रकारों को पेंशन के रूप में भुगतान किया जाता है।उन्होंने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए सदन को बताया कि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में 20-20 हजार, राजस्थान व पंजाब में 15-15 हजार रुपए, तमिलनाडु में 16 हजार व त्रिपुरा में 12 हजार प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, बिहार में मात्र पत्रकारों को 6 हजार प्रतिमाह पेंशन के रूप में दी जा रही है। संजय प्रकाश ने कहा कि इतनी कम राशि मिलने सेवानिवृत्ति पत्रकारों को भरण पोषण करने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इस दौरान सभापति अवधेश नारायण सिंह, कृष्ण जन संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, पूर्व मंत्री शाह एमएलसी दिलीप जायसवाल समेत सत्ता तथा विपक्ष के अनेक सदस्य सदन में मौजूद रहे।

### पटना नगर निगम का स्वच्छता जागरूकता अभियान

#### अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद है स्वच्छता



**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा राजा बाजार एरिया में स्वच्छता जागरूकता अभियान नगर निगम की स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें इंदिरा आईवीएफ के ब्रांच हेड डॉ दया निधि तथा कई दूसरे समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने कहा कि साफ सफाई सभी नागरिकों की बुनियादी आवश्यकता है। हम सबको मिलकर सड़कों और फुटपाथों की सफाई करनी चाहिए। ठोस एवं तरल अपशिष्टों के बेहतर प्रबंधन के लिए सांस्थानिक प्रबंधन की जितनी आवश्यकता है, उतना ही जरूरी जन सहयोग भी है। सब मिलकर काम करेंगे तो शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना आसान हो जाएगा। स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन और लंबी आयु के लिए भी बेहद जरूरी है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को भी साफ सफाई की आदत डलवानी चाहिए और उन्हें यह बताना जरूरी है कि स्वच्छता का मतलब सिर्फ घर का साफ रहना नहीं है बल्कि शहर और देश की स्वच्छता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉक्टर दया निधि ने कहा कि स्वच्छता हमें मानसिक,शारीरिक सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टर सुनीता कुमार, डॉ रीना रानी, डॉक्टर पूजा हेगडे, डॉ शिप्रा भारती, रजनीश विवेक आदि ने भी हिस्सा लिया।

# राबड़ी देवी का शासनकाल महिला सशक्तिकरण का काल नहीं था : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा और प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि आज विधानपरिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी द्वारा किए गए राजनीतिक अशोभनीय व्यवहार लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। दुखद पक्ष ये है कि विपक्ष की नेता राबड़ी देवी, जो राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री भी रही हैं वो सदन के कार्य संचालन नियमावली का भी अनुपालन नहीं करती हैं।यह एक सामान्य परंपरा है कि सदन के नेता जब अपना मंतव्य देते हैं तो असहमति के बीच भी विपक्ष भी अपना स्थान पर बैठा रहता है दूसरी ओर जब विपक्ष के नेता अपनी राय व्यक्त करते हैं तो सत्ता पक्ष के लोग भी अपने स्थान पर बैठे रहते हैं। आज जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सच का आइना दिखाया तो लोकतांत्रिक मूल्यों को राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने शर्मसार कर दिया। माननीय मुख्यमंत्री ने सभापति से साल 2005 के पहले बिहार की अद्यतन स्थिति और नवंबर 2005 में बिहार की सत्ता संभालने के बाद की अद्यतन स्थिति की जो रिपोर्ट छपवाकर और बंटवाने का अनुरोध किया है इसके लिए वो बधाई के पात्र हैं। अगर हिम्मत है राजद इन प्रश्नों का जवाब देना चाहिए कि क्या पुलिस बल में बेटियों की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत थी? क्या बेटियां राबड़ी देवी के शासनकाल में साइकिल से विद्यालय जाती थीं?.क्या राबड़ी देवी शासनकाल में बेटियों को शैक्षणिक सुविधा के लिए छात्रवृत्ति, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसी समतुल्य योजनाओं का लाभ मिलता था? क्या राबड़ी देवी शासनकाल में बेटियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सुविधा मिलती थी? क्या राबड़ी देवी के शासनकाल में पंचायती राज में महिलाएं नजर आती थीं?क्या राबड़ी देवी शासनकाल में 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ था? साथ ही क्या ये सच नहीं है कि महिला सशक्तिकरण जैसा कोई विषय राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान नहीं रहता था और केवल और केवल परिवार के सशक्तिकरण का मॉडल चला?

## प्रोफेसर अजय कुमार को आईपीएस विकास वैभव ने किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** अजय कुमार, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेज़ी विभाग, सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, पटना, एवं पटना ज़िले के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के नोडल अधिकारी, को गर्गी उत्कृष्ट सेवा सम्मान के तहत नोबल लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आईपीएस अधिकारी विकास वैभव द्वारा सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के आसपास स्थित बिन-टोली स्लम, पाटिल पूल और अटल पूल स्लम जैसी हाशिए पर स्थित बस्तियों के लिए उनकी समर्पित सेवाओं की मान्यता में प्रदान किया गया। उन्होंने सैनिटरी पैड वितरण, स्वच्छता अभियान, साक्षरता केंद्रों का संचालन और नियमित रक्तदान शिविर जैसे कई सामाजिक पहलुओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सामाजिक कल्याण के प्रति समर्पण ने कई वंचित व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

## तथ्यपरक एवं प्रभावी तरीके से विपक्ष के हरेक झूठ और दुष्प्रचार का पदार्फाश करें : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में पार्टी प्रवक्ताओं एवं मीडिया पैनलिस्टों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस दौरान नीतीश सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार, विपक्ष के झूठ एवं दुष्प्रचार का प्रभावी ढंग से जवाब और मीडिया संवाद पर अहम चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की एवं उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त बैठक में मुख्य रूप से विधानपरिषद् में उपनेता सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपरिषद् में सत्तारूढ दल के सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधानपार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नहोरा प्रसाद यादव, अंजुम आरा, हिमराज राम, अरविन्द निषाद, परिमल कुमार, मनीष कुमार यादव, अभिषेक झा, नवल शर्मा, अजीत पटेल एवं मीडिया पैनलिस्ट पूजा एन शर्मा, किशोर कुणाल, डॉ मधुरेन्द्र पाण्डेय, महेश दास, अकबर अली मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के तमाम प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट पूरी निष्ठा, अनुशासन और आक्रामकता के साथ विपक्ष के झूठ और दुष्प्रचार का पदार्फाश करें और नीतीश सरकार की उपलब्धियों को व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करें। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष हर मुद्दे को तोड़-मरोड़कर पेश कर अफवाह फैलाने एवं नकारात्मक माहौल बनाने की पुरजोर कोशिश में हैं इसलिए हमें तथ्यपरक तरीके से अपनी बातों को रखना है ताकि जनता को सच्चाई से अवगत कराई जा सके। श्री कुशवाहा ने कहा कि जिन्होंने बिहार को जंगलराज के अंधकार में धकेलने का काम किया वे आज कानून-व्यवस्था पर अनर्गल सवाल उठा रहे हैं। जो दल घोटालों की राजनीति का प्रतीक बन चुके हैं, वे सुशासन पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह दिशाहीन और मुद्दाविहीन हो चुका है। लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव में जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकारने का काम किया।

## मैं विधायक बनना चाहती हूं, गाड़ी और महल के कतार सजाने के लिए नहीं : चांदनी

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** राजनीति में आने का उद्देश्य गाड़ी और महल का कतार सजाने के लिए नहीं बल्कि जन समस्याओं का समाधान करने के लिए। इस उद्देश्य के लिए मेरा सबसे पहला कदम होगा,हरेक पंचायत एवं नगर परिषद में दो सर्वदलिय कमीटी होंगे। एक महिला ,एक पुरुष की होगी।। इस कमीटी में भाजपा, कांग्रेस,राजद, लोजपा,माले कीहोगी। कमिटी की जिम्मेदारी होगी घर घर जाकर जन समस्याओं का एकत्रित करना तथा जन समस्याओं का समाधान करने के लिए महीना में एक बार बैठक होगी। उस बैठक में समस्या का समाधान किया जाएगा। सभी थाना, सभी प्रखंड, सभी अंचल , सीडीपीओ,आपूर्ति निरीक्षक पर निगरानी रखने के लिए सर्वदलीय

कमेटी होगी जिसमें एक महिला एक पुरुष होगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही है सभी योजनाओं एवं लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। सभी प्रकार के जन समस्याओं को समाधान करवाने के लिए महीना में दो बार स्थानीय सांसद एवं संबंधित मंत्री को फतुहा में आने के लिए बाध्य करुंगी। आएं हम सभी मिलजुल कर प्रखंड, अंचल , मनरेगा आदि को भ्रष्टाचार मुक्त करें। हमारी जीत में जनता की जीत होगी।

# होली मिलन कार्यक्रम में चिराग पासवान ने कहां असली होली नवंबर में मनेगी`

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पटना स्थित बिहार प्रदेश कार्यालय में पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित की गई जिसमें पार्टी के सांसद पूर्व विधायक प्रदेश के सभी नेता और पार्टी के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए । इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने पिता के तैलचित्र पर अबीर चढ़ाकर उन्हें नमन किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं समेत सभी बिहार वासियों और देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पार्टी के होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद जीत की होली मनाएंगे। यह तो खुशियों की रंगों की शुरुआत है। असली होली इस बार हम लोग नवंबर में मनायेंगे जब पुनः एनडीए की बड़ी जीत होगी। श्री चिराग ने होली की बधाई देते हुए कहा कि यह होली का त्यौहार हम सबके



जीवन में नई खुशियां तथा खुशियों का रंग लेकर आए कामना करता हूं । हम सबने कई ऐसी होली देखी जो संघर्ष वाली थी और उसके बावजूद भी उस होली का रंग वैसा ही बरकरार रहा उस होली को उसी उत्साह के साथ हम लोगों ने मनाया और आज आप सबके मेहनत का नतीजा है ना सिर्फ पार्टी अपने पुराने रंग में अपने पुराने वर्चस्व में पहुंची है ,बल्कि एक लंबे समय के बाद हम लोग वही होली मना रहे हैं, जहां हमारे नेता, मेरे पिता रामविलास पासवान जी दशको तक होली मनाते रहे । आज उन्हीं के जगह पर उन्हीं के कार्यालय में हम लोग होली मना रहे हैं। यह साल हम सबों के लिए महत्वपूर्ण साल है यह साल बिहार एक नया इतिहास लिखने जा रहा है इस साल बिहार विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है इस चुनाव में न सिर्फ एनडीए एनडीए का रंग होगा बल्कि उस चुनाव में एनडीए भारी मतों से जीत कर अपनी सरकार भी बनायेगा और उस सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की होगी। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने अबीर गुलाल के साथ रंग की होली भी खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री चिराग पासवान जी की मां रीना पासवान ने कार्यकर्ताओं को अबीर लगाकर आशीर्वाद दीं। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में होली से संबंधित व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। इस अवसर पर श्री चिराग को बधाई देने जदयू विधान पार्षद दिनेश सिंह सांसद रामकृपाल यादव युवा नेता अभिमन्यु यादव समेत कई गणमान्य ने मिलकर उन्हें होली की बधाई दी । पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के सांसद अरुण भारती राजेश वर्मा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी राष्ट्रीय महासचिव शंकर झा बाबा हुलास पांडे प्रधान महासचिव संजय पासवान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह अशरफ अंसारी वेद प्रकाश पांडे विष्णु पासवान रवि रंजन सिंह माधुरी झा इंदिरा सिंह इंदु कश्यप प्रदेश प्रवक्ता विनीत सिंह अनुपम पासवान जितेंद्र यादव मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान निशांत मिश्रा ओमप्रकाश भारती समेत हजारों पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## युवा विकसित भारत का सपना करेगे साकार : प्रेम कुमार



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रधान मंत्री नरेंद मोदी के आह्वान पर भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय माई भारत की ओर से विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है । प्रेम यूथ फाउंडेशन अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी युवा संसद में सुनिश्चित कराने को लेकर फाउंडेशन परिषर गोविंदपुर में स्वयंसेवको के साथ विमर्श किया । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर इंजीनियर सुरजीत कुमार ने बताया कि सुवे के कोई भी युवा जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के है एक मिनट का विडिओ बनाकर माई भारत पोर्टल पर डाल सकते है जिसमे से उत्कृष्ट विडिओ का चयन कर उन्हें जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शामिल कराया जायेगा । जिला से चयनित होने पर राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होंगे । विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने में युवा महत्वपूर्ण कड़ी है । विकसित भारत युवा संसद को सफल बनाने में एनवाईकेएस, एनएसएस, एनसीसी, विश्विद्यालय, महाविद्यालय, युवा क्लब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । वहीं फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि युवा ही है भारत के भाग्य विधाता । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलीबार युवाओ को केंद्र में रखकर योजना बनाया है । विकसित भारत युवा संसद के माध्यम से युवाओ के भावना से रूबरू होगे प्रधानमंत्री । उन्होंने युवा क्लब, विज्ञान क्लब, किसान क्लब, शिक्षण संस्थानों, राजनेताओं, उद्योगपतियों, पत्रकारों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक युवाओ के विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने के लिए प्रेरित करे । मौके पर सुनील कुमार यादव, अजय कुमार तांती , हिमांशु जयसवाल, मो सद्दाम, प्रिंस कुमार, लक्ष्मन कुमार, कन्हैया कुमार,राजेश कुमार पांडेय समेत सैंकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## जलायें नहीं बल्कि फसल अवशेष उचित प्रबंधन करें किसान : विजय कुमार सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

» फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े उपकरणों पर 75 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दे रही सरकार
» फसल अवशेष जलाने से प्रभावित होती है समग्र कृषि उत्पादन व उत्पादकता

**पटना।** उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में गेहूं की कटनी आरम्भ हो रही है। यही समय है कि किसान भाई-बहन गेहूँ की खूँटी, अवशेष आदि को खेतों में नहीं जलायें, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें। मंत्री ने कहा कि फसल अवशेष को खेतों में जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है। इसके परिणामस्वरूप मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जल कर नष्ट हो जाता है। इसके कारण मिट्टी की उर्वरा-शक्ति कम हो जाती है। साथ ही, मिट्टी का तापमान बढ़ने के कारण मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु, केंचुआ आदि मर जाते हैं। इनके मिट्टी में रहने से ही मिट्टी जीवंत कहलाता है। फसल अवशेषों को जलाने से जमीन में उपलब्ध जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी में नाईट्रोजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण फसलों का उत्पादन घटता है। मंत्री द्वारा बताया गया कि इसके लिए सभी जिलों में किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है तथा जिन-जिन इलाकों में ऐसी समस्याएँ ज्यादा थी, वहाँ के किसान सलाहकारों एवं कृषि समन्वयकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह गाँव-गाँव जाकर किसानों से मिले तथा उन्हें जागरूक करें। सभी जिला पदाधिकारियों को भी इसका लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है। सभी कृषि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों को भी इस संबंध में किसानों को प्रशिक्षित करने एवं इसके कुप्रभाव के बारे में जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया है। माननीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत किसानों को फसल अवशेष को प्रबंधन करने से संबंधित कृषि यंत्रों यथा हैप्पी सीडर, रोटरी मल्चर, स्ट्रॉ बेलर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम रोटरी सलेशर, जीरो टिलेज/सीड-कम-फर्टिलाईजर, पैडी स्टॉचौपर, आदि यंत्रों पर 75 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को अभी डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान से वंचित किया जा रहा है, अब उन्हें गेहूँ अधिप्राप्ति के लाभ से भी वंचित करने की कार्रवाई की जाये। बार-बार फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर ३१.ढ.३ के सुसंगत धारा-133 के तहत एवं आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की जाये। इस तरह की कार्रवाई का संदेश आम लोगों तक जाये, जिससे वे खेतों में फसल अवशेष् को न जलायें। उन्होंने राज्य के किसान भाइयों एवं बहनों से अपील किया कि फसल अवशेषों को खेतों में न जलाकर उसे मिट्टी में मिला दें या उससे वर्मी कम्पोस्ट बनायें अथवा पलवार विधि से खेती करें। ऐसा करने से मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा एवं फसलों का गुणवत्तापूर्ण तथा अधिक उत्पादन होगा, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी।

## एचडब्ल्यूसी के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस

» राज्य में 10 हजार से अधिक एचडब्ल्यूसी क्रियाशील
» 2020-21 से हर वर्ष औसतन 1,500 से अधिक नए एचडब्ल्यूसी क्रियाशील

**पटना।** बिहार ने 10,322 एचडब्ल्यूसी को क्रियाशील कर ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवा को मजबूत किया है। 2019-20 में जहाँ मात्र 791 एचडब्ल्यूसी सक्रिय थे, वहीं 2024-25 में यह संख्या 10,322 तक पहुँच गई है। इस अवधि में राज्य सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एचडब्ल्यूसी के विस्तार को प्राथमिकता दी है, जिससे बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ आम लोगों तक पहुँच रही हैं। एचडब्ल्यूसी पोर्टल के 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, 8,733 केंद्र स्वास्थ्य उप-केंद्र (एचएससी) पर, 1,261 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) पर, 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) पर और 222 आयुष-एचडब्ल्यूसी के तहत कार्यरत हैं। 2020-21 से हर वर्ष औसतन 1,500 से अधिक नए एचडब्ल्यूसी क्रियाशील किए गए हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गैर-संक्रामक रोगों की जाँच और बेहतर प्राथमिक देखभाल को बढ़ावा मिला है।डॉ. महताब, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता, ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहा कि एचडब्ल्यूसी के माध्यम से बिहार ने निवारक और उपचारात्मक सेवाओं का एक मजबूत नेटवर्क बनाया है। इन केंद्रों की मदद से मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो रहा है और टीकाकरण कवरेज बढ़ रहा है। इसके अलावा, एनक्यूएएस प्रमाणन पर ध्यान केंद्रित करने से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन केंद्रों में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ उपलब्ध हों, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ अधिक प्रभावी और भरोसेमंद बनें।डॉ मनोज कुमार सिन्हा, अधीक्षक, गार्डिनर रोड अस्पताल,पटना ने कहा कि एचडब्ल्यूसी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एचडब्ल्यूसी अब मातृ स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित प्रसव प्रथाओं और सामान्य बीमारियों के इलाज जैसी आवश्यक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। इसके कारण अस्पतालों में अनावश्यक भार कम हुआ है। इस पहल से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद मिल रही है, जिससे बिहार में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं।बिहार में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ, एचडब्ल्यूसी की सफलता सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार बनी रहे।

संक्षिप्त समाचार

## टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में होली का आयोजन




**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में होली का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं ने रंग अबीर उड़ाती आई होली गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। जिनके नाम निम्नलिखित है: आदिती किशन, अद्विका , हुमैरा, आराध्या घोष, इरा कुमारी, सृष्टि मेहता, पीहू साहनी, शरण्या, आराध्या रानी , इशिका राज , शिवानी, अनंत राज, हरशुल, भुवनेश, अर्चित् नारायण, अभिनव आनंत, विवान, विराट राज, अक्षत अभिषेक, विक्रम राजवर्धन, आदर्श। विद्यालय की प्रधानाचार्य शिवानी भार्गव ने सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों से बच्चों को होली खेलने की प्रेरणा दी। स्कूल के निर्देश राजीव भार्गव ने अभिभावकों को और समाज को होली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवा भार्गव, निक्की, जागृति, रागिनी इत्यादि का योगदान रहा।

## बिहारी रनर फाउंडेशन द्वारा ऊर्जा पार्क में होली मिलन समारोह



**पटना।** पटेल नगर गांधी मूर्ति स्थित ऊर्जा पार्क में बुधवार की सुबह सुबह बिहारी रनर फाउंडेशन के द्वारा होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित की गई जिसमें संस्थापक सदस्य पंकज कुमार गुप्ता के द्वारा सर्वप्रथम बिहारी रनर फाउंडेशन के संचालक कोच गोविन्द पांडेय को शॉल पहनाकर फूल माला से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मैराथनो में अच्छे प्रदर्शन करने वाले धावकों जैसे शशिकांत कुमार, अंबिता वर्मा , वीना कुमारी, गीतांजलि, इंद्राणी और तनुजा को भी सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर कोच गोविन्द पांडेय ने भी सभी धावकों को कड़ी मेहनत करे और इस होली अच्छे से मनाए।

## पटना जीपीओ के Post Shoppe में मोरिडॉल चाय की बिक्री का शुभारंभ



**पटना।** बुधवार 12 मार्च को पटना जीपीओ के Post Shoppe में, बिहार सर्किल द्वारा मोरिडॉल चाय की बिक्री का शुभारंभ श्री पवन कुमार, निदेशक (मुख्यालय) डाक सेवाएं, बिहार ने अपने कर कमलों द्वारा किया, जो डाक विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह आयोजन डाक विभाग के अपने ग्राहकों के प्रति समर्पण और उनकी सेवाओं का विस्तार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री पवन कुमार ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया जो दर्शाता है कि विभाग समय के साथ कैसे बदल रहा है और अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए-नए रास्ते तलाश रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विविध प्रकार के उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उनकी जिंदगी आसान हो और उन्हें एक ही स्थान पर अपनी सभी जरूरतों के लिए समाधान मिल सके। डाक विभाग पहले से ही विभिन्न प्रकार की वित्तीय और डाक सेवाएं प्रदान करता है, जैसे बचत खाते, सावधि जमा, मनी ऑर्डर, स्पीड पोस्ट, पार्सल सेवाएं, आदि। यह सेवाएं आम आदमी की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी हैं और डाक विभाग को देश के सबसे बड़े सेवा प्रदाताओं में से एक बनाती हैं। अब मोरिडॉल चाय की बिक्री के साथ, Post Shoppe ग्राहकों को चाय का एक और बेहतरीन विकल्प प्रदान करेगा, जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मोरिडॉल चाय अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जानी जाती है, और डाक विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि यह उत्पाद ग्राहकों को किफायती दामों पर उपलब्ध हो, ताकि हर कोई इसका आनंद ले सके। इससे ग्राहकों को एक ही स्थान पर अपनी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने में सुविधा होगी। अब उन्हें चाय खरीदने के लिए अलग-अलग दुकानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे अपनी सभी जरूरतों के लिए अपने नजदीकी डाकघर का रुख कर सकेंगे, जो अक्सर उनके घरों के नजदीक स्थित होता है। यह पहल डाक विभाग की आय में वृद्धि करने में भी सहायक होगी और साथ ही, ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद किफायती दामों पर उपलब्ध कराएगी। इससे डाक विभाग को अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने और ग्राहकों को और अधिक लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। डाक विभाग का लक्ष्य है कि वह अपने ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सेवाएं प्रदान करे और उनकी ज़िंदगी को आसान बनाए। मोरिडॉल चाय की बिक्री इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है जो दर्शाता है कि डाक विभाग अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझता है और उन्हें पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। डाक विभाग का मानना है कि यह पहल ग्राहकों को बहुत पसंद आएगी और इससे डाकघरों की लोकप्रियता में और इज़ाफा होगा, क्योंकि अब वे एक ही स्थान पर अपनी विभिन्न जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इस अवसर पर रंजय कुमार सिंह, चीफ पोस्टमास्टर, पटना जीपीओ, कुमारी सरिता डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, सहित डाक विभाग के कई वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## होली की पूर्व संध्या पर मुख्यालय हाजीपुर में हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन



**हाजीपुर।** महाप्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में आज पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर द्वारा हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन महाप्रबंधक महोदय, अपर महाप्रबंधक महोदय व प्रधान विभागाध्यक्षों व आमंत्रित कवियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों का स्वागत किया और कहा कि इनकी कविताओं में अबीर होगा, गुलाल होगा और रंगों का संसार होगा, साथ ही उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं- अपर महाप्रबंधक महोदय ने आमंत्रित कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि हास्य कवि सम्मेलन होली और हास्य का अद्भुत मिलन होता है। मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय रेल हमारे देश को भौगोलिक रूप से एक सूत्र में जोड़ती है उसी प्रकार हिंदी हमारे देश के करोड़ों लोगों के हृदय को एक विराट हृदय में पिरोती है। इस कवि-सम्मेलन में नामचीन शायरा आराधना प्रसाद, शायर समीर परिमल, कमल किशोर वर्मा, सीमा रानी, अमीर हमजा उन्होंने अपनी लाजबाव शायरी और प्रस्तुति से महफिल को जीत लिया।

# एम्स पटना में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर ग्लूकोमा जागरुकता वॉक का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** ग्लूकोमा के बारे में जागरुकता बढ़ाने और आम जनता में इसके कारण होने वाली दृष्टि की अपरिवर्तनीय हानि को रोकने के लिए 9 मार्च से 15 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है। विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 2025 का थीम "भविष्य को स्पष्ट रूप से देखें केवल एक थीम नहीं है, यह रोकथाम, समझ और सभी के लिए बेहतर नेत्र देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता है। ग्लूकोमा जागरुकता पदयात्रा ओपीडी फोयर क्षेत्र से शुरु होकर गेट नंबर 1 से मुख्य सड़क पर बाहर निकली और गेट नंबर 4 से परिसर में प्रवेश किया और आईपीडी फोयर क्षेत्र, एम्स पटना में समाप्त हुई। इस जागरूकता पदयात्रा में दो सौ से अधिक संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सों, पैरामेडिक्स और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय ने अपने संदेश में ग्लूकोमा के हानिकारक प्रभावों के बारे में समुदाय को जागरूक करने में अग्रणी रहने के लिए नेत्र विभाग को बधाई दी। प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार, डीन (परीक्षा) पवं चिकित्सा अधीक्षक ने अपने संबोधन में 40 वर्षों के बाद विस्तृत नेत्र परीक्षण के महत्व पर जोर दिया। प्रोफेसर (डॉ.) पूनम भदानी, डीन (छात्र मामले) ने अपने संबोधन में कहा कि नेत्र रोग विभाग ग्लूकोमा के निदान और उपचार के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित है। प्रोफेसर (डॉ.) संजय पांडे, डीन (शोध) ने अपने संबोधन में स्थायी अंधेपन को रोकने के लिए ग्लूकोमा की प्रारंभिक पहचान पर जोर दिया। डॉ. दिव्या केसरवानी, एसोसिएट प्रोफेसर, ग्लूकोमा क्लिनिक के सहप्रभारी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागी का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमित राज ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा विश्व ग्लूकोमा सप्ताह (09 15 मार्च 2025) के दौरान आम जनता में जागरुकता बढ़ाने के लिए नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सतत रोगी शिक्षा कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस जागरुकता पदयात्रा में वरिष्ठ संकाय सदस्य, प्रो. (डॉ.) उमेश भदानी, विभागाध्यक्ष एनेस्थिसियोलॉजी, प्रो. (डॉ.) संजीव कुमार, विभागाध्यक्ष सीटीवीएस, डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष ट्रॉमा, डॉ. चंदानी, डीएमएस ओटी, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. भावेश कांत, विभागाध्यक्ष नियोनेटोलॉजी, डॉ. आनंद राय, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी, डॉ. पंकज, विभागाध्यक्ष न्यूक्लियर मेडिसिन के साथ-साथ अन्य संकाय सदस्य और कर्मचारियों ने भाग लिया। नेत्र रोग विभाग के संकाय सदस्य डॉ. सौनी सिन्हा, डॉ. देव कांत, डॉ. अमित कुमार, रेजीडेंट, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारी, इंटर्न और छात्रों ने ग्लूकोमा जागरूकता नारे वाले बैनर, पोस्टर और तख्तियों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. भावेश चंद्र साहा, एसोसिएट प्रोफेसर नेत्र रोग और ग्लूकोसा क्लिनिक के प्रभारी द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# फार्मासिस्ट, टेक्नीशियन, शल्य कक्ष सहायक, ड्रेसर नियुक्त होंगे : मंगल

नई सोच एक्सप्रेस

**» बक्सर, सीवान, गोपालगंज, औरंगाबाद समेत 10 जिलों में ब्लड सेपरेशन यूनिट लगेगी**

**पटना।** राज्य के सरकारी अस्पतालों में 11925 पदों पर भर्ती होगी। फार्मासिस्ट, एक्स-रे व ईसीजी टेक्नीशियन, प्रयोगशाला प्रावैधिक, शल्य कक्ष सहायक, ड्रेसर के पदों पर बहाली होगी। भर्ती प्रक्रिया के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजा गया है। ये जानकारी स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान प्रो. संजय कुमार सिंह के सवाल के जवाब में दी।ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत बगैर डिग्री वाले चिकित्सकों को एनआईओएस से प्रशिक्षित किया जाएगा। उसके बाद उनका उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में किया जाएगा। यह बात मंत्री मंगल पांडेय ने कही। शशि यादव ने सरकार से प्रश्न किया कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों ने कोरोना काल में लोगों की सहायता की। इनको पीएचसी से जोड़ा जाए। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में ग्रामीण चिकित्सकों को प्रति मरीज 200 रुपए दिए जाते थे। टीबी मरीजों की पहचान के बदले 500 रुपए दिए जाते हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सक के पास डिग्री नहीं है। ऐसे में वह डॉक्टर नहीं हैं, लेकिन उनको प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। सत्र शुरू होते ही विधान परिषद में विपक्ष ने आरा में लूट की घटना को लेकर हंगामा कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि बिहार में कानून व्यवस्था सही नहीं है। हर दिन अपराध हो रहा है। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार अपनी सीट से उठे और कहा कि आपराधिक घटनाओं की जानकारी के बाद तत्काल कार्रवाई की जाती है। वे खुद घटनाओं के बारे में जानकारी लेते हैं। आपसी झगड़े की जरूरत नहीं है। कुमार नागेंद्र ने डुमरिया में महिला की हत्या, अरवल में अपराध का जिक्र किया। सीएम ने कहा कि इस संबंध में एक्शन हो रहा है।वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने विधान परिषद की दूसरी पाली में बिहार विनियोग विधेयक-2025 पेश किया। विपक्ष के बहिष्कार के उपरांत सभापति अवधेश नारायण सिंह ने विधेयक को सत्तापक्ष के बहुमत के आधार पर मंजूरी दी। चालू वित्त वर्ष में विभिन्न योजनाओं में राज्य की संचित निधि से 11187 करोड़ रुपए के उपयोग के लिए विनियोग विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया गया।पटनो बक्सर, सीवान, गोपालगंज, औरंगाबाद, मधुबनी, सीतामढ़ी, किशनगंज, सारण, सहरसा, बेतिया में ब्लड सेपरेशन यूनिट लगेगी। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विधान परिषद में राधाचरण साह के प्रश्न के जवाब में दी। मंत्री ने कहा कि ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट की स्थापना वहीं होती है, जहां पर 2000 यूनिट से अधिक रक्त होता है। वहीं, डॉ. उर्मिला ठाकुर के प्रश्न के जवाब में मंगल पांडेय ने बताया कि राजेंद्रनगर नेत्र अस्पताल में 72 में से 44 पद खाली हैं। चिकित्सक के 20 और अन्य के 52 पदों का सृजन किया गया है। अभी 7 चिकित्सक और 15 जीएनएम कार्यरत है। 6 नेत्र चिकित्सकों की भर्ती की जा रही है। अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सरकार से प्रश्न किया कि आईजीआईएमएस में न्यूक्लियर मेडिसिन के 4 पद खाली हैं। इससे मरीजों को परेशानी होती है। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि न्यूक्लियर मेडिसिन में सहायक प्राध्यापक के 4 पदों के साथ ही मेडिकल फिजिक्स में 3 पदों पर भर्ती के लिए 7 मार्च को विज्ञापन निकाला गया था। लेकिन न्यूक्लियर मेडिसिन के लिए कोई आवेदन नहीं मिला है। जबकि मेडिकल फिजिक्स के लिए 12 आवेदन मिले हैं। ऐसे में न्यूक्लियर मेडिसिन के लिए एक बार फिर से विज्ञापन निकाला जाएगा। उसके बाद भर्ती की जाएगी।

## पटना फिजियोथेरेपिस्ट क्लब का होली मिलन समारोह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना फिजियोथैरेपिस्ट क्लब द्वारा राजीव नगर स्थित रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में करीब पटना के 25 फिजियोथेरेपिस्ट ने भाग लिया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ पटना इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट सहयोग इंचार्ज डॉक्टर रत्नेश चौधरी के गाल पर गुलाल लगाकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल राजवंशी नगर पटना के सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मृत्युंजय कुमार एवं वीएलसीसी फिटनेस सेंटर के सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ धीरज कुमार पांडे ने किया। क्लब की तरफ से डॉक्टर पुरुषोत्तम एवं डॉक्टर प्रतीक ने बताया कि होली मिलन समारोह के आयोजन से फिजियोथेरेपिस्ट में आपसी प्रेम एवं भाईचारा बनता है साथ ही साथ एक समुदाय के प्रति सामाजिक एकजुटता भी बढ़ता है। पटना फिजियोथैरेपिस्ट क्लब की सक्रिय सदस्य डॉक्टर अजीत कुमार केसरी एवं डॉक्टर जवाहर कुमार ने बताया कि यह होली मिलन समारोह लगातार 3 साल से आयोजित होते आ रहा है। जिसमें हम लोग का प्रयास रहता है की बिहार के सारे फिजियोथेरेपिस्ट एक मंच पर आए और सामाजिक समरसता प्रदर्शित करते हुए फिजियोथैरेपी चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने का भी कार्य करें। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ संदीप कुमार ने किया और उन्होंने पटना के सभी कोने से आए फिजियोथेरेपिस्ट के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर क्लब की तरफ से डॉक्टर मणिकांत, डॉ मनोज मनोज कुमार मंडल, डॉ संतोष, डॉ ओम, डॉ कमलेश, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर नीतिश इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## होली मिलन कार्यक्रम में गरीब बच्चों के चेहरों पर खिली खुशियाँ



नई सोच एक्सप्रेस

**» श्री गोपी कृष्ण गोआश्रम में सौ से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक मनाई होली**

**पटना।** श्री गोपी कृष्ण गोआश्रम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन गोआश्रम द्वारा किया गया, जिसमें सौ से अधिक गरीब बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोआश्रम संचालक गोपाल कृष्ण ने इस अवसर पर बच्चों को पिचकारी, गुलाल, टोपी, बिस्कुट, चिप्स आदि वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। गोपाल जी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वंचित बच्चों को होली के रंगों की खुशियों से जोड़ना था। बच्चों ने पूरे उमंग और उत्साह के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर और मस्तीभरी होली खेलकर इस पर्व का आनंद लिया। गोपाल जी ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में खुशियाँ बाँटने और सभी को एक साथ जोड़ने का प्रयास हैं। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# चैम्बर सदस्यों ने एक दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा कर दी होली की बधाई

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में होली मिलन समारोह धूम-धाम से मनाया गया जिसमें शामिल लोगों ने एक दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा कर होली की बधाई दी । चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने कहा है कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा एवं एकता का प्रतीक है। होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से होली के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन कर आपसी मेल-जोल को और प्रगाढ़ किया जाता है। चैम्बर अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि चूंकि रंग एवं अबीर में कई प्रकार के रसायनों का प्रयोग होने लगा है, जो शरीर की त्वचा को तो नुकसान करता ही है साथ ही साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है और इससे जल की भी बर्बादी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए चैम्बर ने पर्यावरण अनुकूल गुलाल, रंग-अबीर रहित फूलों की होली का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आगन्तुकों के लिए होली के पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ उनके मनोरंजन हेतु साई म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने होली के पारंपरिक गीतों एवं नृत्यों से सभी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। पटवारी ने कहा कि चैम्बर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में चैम्बर परिवार के सदस्यों के साथ-साथ राज्य के सभी तबके के गणमान्य महानुभाव सपरिवार इस समारोह में सम्मिलित होकर एक दूसरे पर फूल की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दी। इस समारोह में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, माननीय विधायक संजीव चौरसिया एवं अरुण कुमार सिन्हा, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद,भारत सरकार के पूर्व मंत्री राम कृपाल यादव, महापौर सीता साहू, उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी के साथ-साथ भारत सरकार एवं बिहार सरकार के वरीय अधिकारीगण, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, बैंक के अधिकारीगण, अधिवक्ता एवं न्यायिक सेवा के अधिकारी पधारकर चैम्बर परिवार का उत्साहवर्धन किया । समारोह में चैम्बर के उपाध्यक्ष आशीष शंकर एवं प्रदीप चौरसिया, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, पूर्व अध्यक्ष पी के अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष एन के ठाकुर, कार्यक्रम के चेयरमैन मुकेश कुमार जैन, को-चेयरमैन अजय गुप्ता एवं पवन भगत, पूर्व कोषाध्यक्ष विशाल टेकरीवाल, गणेश कुमार खेतड़ीवाल, सुनील सराफ, शशि गोयल, राकेश कुमार, आशीष प्रसाद, राजेश जैन, राजेश माखारिया, रमेश गाँधी, अशोक कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में उद्यमी एवं व्यसायी सपरिवार समारोह में सम्मिलित हुए।

# महामारी की तरफ फैल रही है किडनी की बीमारी, जागरूकता ही बचाव : पारस एचएमआरआई

नई सोच एक्सप्रेस

## पारस हॉस्पिटल में वर्ल्ड किडनी दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**» डॉक्टरों ने दी नियमित जांच की सलाह, पांच गोल्ड रूल भी बताए**

**पटना।** वर्ल्ड किडनी दिवस (13 मार्च) की पूर्व संध्या पर बुधवार को पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किडनी ट्रांसप्लांट और डायलिसिस के मरीजों के साथ-साथ किडनी डोनर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी विभाग के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शशि कुमार ने बताया कि किडनी रोग महामारी की तरह फैल रहा है। उन्होंने कहा कि 10 से 17 प्रतिशत भारतीय किडनी से संबंधित बीमारियों से ग्रसित हैं। हाई रिस्क पॉपुलेशन जैसे - हाई बीपी, डायबिटीज के मरीज, 45-50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग तथा जिनके परिवार में किडनी रोगी हैं, उनमें यह बीमारी 30 से 40 प्रतिशत तक पाई जाती है। ऐसे लोगों को समय-समय पर जांच करानी चाहिए ताकि शुरुआती दौर में बीमारी का पता चल सके और समय पर इलाज शुरू किया जा सके। इससे डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की नौबत टल सकती है। वहीं नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जमशेद अनवर ने बताया कि ब्लड प्रेशर, दर्द निवारक दवाओं का अधिक सेवन और संक्रमण किडनी रोगों के प्रमुख कारण हैं। यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार ने कहा कि आजकल कम उम्र के लोगों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही है।खानपान में अनियमितता इसकी प्रमुख वजह है। डॉ. सुजय रंजन ने बताया कि इस वर्ष वर्ल्ड किडनी दिवस की थीम 'आर योर किडनी ओके? डिटेक्ट अर्ली, प्रोटेक्ट योर किडनी' रखी गई है, जिसका उद्देश्य लोगों को समय रहते किडनी की जांच कराने के प्रति जागरूक करना है। पारस एचएमआरआई के ज़ोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि किडनी के ऐसे मरीजों में जिनमें किडनी की क्षमता इतनी कम हो गयी है कि जिससे वो शरीर की सारी गंदगी नहीं निकाल सके तो ऐसी स्थिति में दो ही विकल्प होता है। पहला- जो काम किडनी नहीं कर पा रही है वो मशीन करे, जिसे डायलिसिस कहते हैं और दूसरा-उस मरीज की किडनी को बदलकर किसी सक्षम व्यक्ति की किडनी को वहां लगा जाय, जिसे किडनी ट्रांसप्लांट कहा जाता है। आमतौर पर ऐसी स्थितियों में ट्रांसप्लांट ज्यादा अच्छा उपाय माना जाता है।

**पारस एचएमआरआई के बारे में**-पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

## प्रधान सचिव ने चीनी मिल के बारे में ली जानकारी



**सुगौली।** बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव बी कार्तिकेय धन जी,सहायक निदेशक मोतिहारी वेदव्रत कुमार,संयुक्त ईखा आयुक्त जय प्रकाश नारायण सिंह सहित पदाधिकारियो की टीम ने बुधवार को एच बी एल इकाई सुगौली का दौरा किया। जिसके बाद अधिकारियों ने बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना,गन्ना यंत्रीकरण योजना की समीक्षा की और गन्ना उत्पादक किसानों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। गन्ना यंत्रीकरण योजना में किसानों के बीच गन्ने की खेती में उपयोगी कृषि यंत्रों का वितरण किया गया।और गन्ना खेती करने के सम्बंध में किसानों की राय ली गई।जिससे अगले कृषि वर्ष में योजना में आवश्यक सुधार किया जा सके और किन-किन यंत्रों को गन्ना की अधिक उपज के लिए उपयोग किया जा सके। पहली बार ऑन लाईन प्रक्रिया द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें थोड़ी परेशानी के बावजूद कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर एचबीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमर कुमार,महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित,उपमहा प्रबंधक (गन्ना) शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने प्रधान सचिव का स्वागत किया। कृषि यंत्रों एवं कीटनाशक दवाओं के विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगा कर किसानों के बीच सामग्री वितरित की गई। गन्ना बीज उत्पादकों,बीज क्रेताओ सहित यंत्रीकरण का लाभ लेने वाले सैकड़ों किसानों ने इसमें भाग लिया।

## होली-रमजान को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**सुगौली।** थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह व पुलिस अंचल निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय ने आगामी त्योहारों होली और चल रहे रमजान को लेकर बुधवार को पैदल फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। भारी पुलिस बल के साथ उन्होंने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार का दौरा किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मी हर जगह निगरानी करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठी या भड़काऊ खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और मुख्य जगहों पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

## शराब बरामद मामले में 5 साल की सजा एवं एक लाख रुपए की जुर्माना की सजा



**समस्तीपुर।** विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने जिले के वैनी थाना कांड संख्या 462/20 के मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाए है। वही इसके साथ ही जुर्माना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। बताते चलें कि उक्त सजा पाने वाले अभियुक्त की पहचान समस्तीपुर जिला अंतर्गत वैनी थाना क्षेत्र के मुजौना गांव वार्ड संख्या- 16 निवासी स्व. मदन झा के पुत्र कन्हाई झा के रूप में की गई है। इस संबंध में पूछने पर उत्पाद अधीक्षक शैलेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि 19 दिसंबर 2020 को समस्तीपुर पुलिस ने छापेमारी करते हुए अभियुक्त के कब्जे वाले घर के दक्षिण-पश्चिम बांसवाड़ी से 13.125 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ था। उक्त मामले में विशेष न्यायाधीश संजय कुमार ने 5 साल की कारावास एवं 1 लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। इससे अन्य शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## अपार आईडी बनाने में शिथिलता पर बीइओ ने बुलाई बैठक

**छपरा।** एक राष्ट्र एक विद्यार्थी की अवधारणा के साथ केंद्र सरकार ने प्री प्राइमरी से लेकर इंटर तक के सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। इसकी धीमी प्रगति पर बीइओ सभी प्रधानाध्यापकों के साथ आज नवस्थापित जिला स्कूल में बैठक करेंगे। बीइओ अजित अमर हरिजन ने कहा कि आपार आईडी० एवं डायस 2024-25 की इंट्री में स्कूल प्रोफाईल एवं टीचर प्रोफाईल की इंट्री करने के उपरांत सभी सर्टिफिकेट प्रखंड संसाधन केन्द्र पर जमा करना था। परन्तु बार-बार निदेश एवं आदेश के बाद भी आपार आईडी निर्माण में रूचि नहीं ली जा रही है। फलस्वरूप जिला में प्रखंड की स्थिति सबसे नीचे है।

# होली मिलन समारोह : सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** सारण्य की सभ्यता संस्कृति को अक्षुण्ण बनाएँ रखने व संस्कृति को संरक्षित करने हेतु सारण्य महोत्सव द्वारा होलिकोत्सव 2025 का आयोजन छपरा के नगरपालिका चौक पर सारण्य महोत्सव के बैनर तले किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वातिवाचन, भोजपुरी संस्कार गीत और बटोहिया गीत से हुआ। कार्यक्रम का उद्घघाटन विधायक जितेन्द्र राय, मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सारण्य महोत्सव के संरक्षक रामदयाल शर्मा, डॉक्टर कामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। गाई के गोबर महादेव संस्कार गीत से प्रारंभ समारोह में भोजपुरी के राष्ट्रीय गीत सुनदर सुभुमी भईया भारत के देशवा हो के साथ हीं कई होली गीतों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों ने दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रियंका कुमारी, सोनम मिश्रा, डाली सिंह, सुनील कुमार सिंह, शुभम कुमार ने होली गीत गाकर सबको झुमने पर मजबूर कर दिया। रंग बरसे भींगे चुनर वाली रंग बरसे, पनिया लाले लाल ऐ गौरा हमरो के चाही सहित दर्जनो होली गीत पर श्रोता झूम उठे। मंच के टंच कलाकार हास्य सम्राट सत्येन्द्र दूरदर्शी ने हँसा हँसा कर सभी के पेट में दर्द करा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राज ने तथा कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत सीए अमित कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सम्पूर्णा नन्द सिंह ने किया। होलिकोत्सव पर सभी अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योतिष पाण्डेय, कृष्ण मेनन, डॉक्टर देवेश कुमार सिंह, सुभाष ओझा, आमोद सहाय, मणीकान्त सिंह, विनोद सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, ज्ञानेश वर्मा आदि ने उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक भेड़ चरवाहा युवक की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन।** बुधवार के सुबह करीब 3:00 बजे पुनपुन थाना क्षेत्र के पटना गया डोभी एनएच 22 सम्मनचक लोहा फैक्ट्री के ठीक सामने एक अज्ञात गाड़ी वाले ने भेड़ चरवाहे को रौंदा। जिसमें एक व्यक्ति लगभग 17 भेड़ को घटनास्थल पर ही मौत हो गया। सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस पहुंचे मृतक की पहचान भगवानगंज थाना के चैनपुर गांव के निवासी मिथिलेश भगत पिता विष्णु भगत उम्र 45 वर्ष के रूप में हुआ घटना से आक्रोशित स्थानीय एवं स्वजनों ने करीब लगभग 5 घंटे तक पटना गया डोभी पर आवगमन बाधित कर दिया गया! मृतक के साला रामकुमार पाल पिता स्वर्गीय सुदन भगत ने बताएं कि मैं अपने भेद को पुनपुन से अपने घर भगवानगंज लेकर जा रहे थे की एक ट्रक वाले ने हमारे जीजा और उनके साथ हमारे



पशु को भी रौड डाला जिससे हमारे जीजा और हमारे भेड़ की घटनास्थल पर मौत हो गया मौके पर मौजूद रहे पुनपुन थाना पिपरा थाना केवड़ा ओ पी सीडीपीओ 2 कन्हैया कुमार ने बताया कि भगवानगंज थाना क्षेत्र के मिथिलेश भगत अपने भेड़ को लेकर जहानाबाद की ओर ले जा रहे थे इसी दौरान पटना की ओर से अज्ञात ट्रक जो गया की ओर जा रहा था वह भेड़ की झुंड में टक्कर मार दिया मौके पर ही एक व्यक्ति और 17 भेड़ की मौत हो गया पशुपालन पदाधिकारी को इस घटना की खबर दी गई है तत्काल कुछ मुआवजा की तौर पर दिए गई है पूरी मामला छानबीन की जा रही है।

## चेहरे पर खुशियों के गुलाल में कलाकारों ने जमकर की मस्ती



नई सोच एक्सप्रेस

**फुलवारी।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच वाल्मी फुलवारी शरीफ पटना द्वारा होली के परम अवसर पर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे और खुशियों से भरे इस माहौल में सबके चेहरों पर गुलाल की सी खुशियां बिखरती रही। लोकगीत और लोक नृत्य पर सब खूब थिरके। मंच संचालक महेश चौधरी ने कहा कि यह आयोजन पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहर को दिखाता है जो होली के मूल संदेश प्रेम और भाईचारे को उजागर करता है। इस मौके पर होली के रंग में, करण करण कुमार, राहुल कुमार ,प्रमोद कुमार ,मनीष कुमार, रवि कुमार, शिखा लाल, साहित्य लाल ,पूजा कुमारी, अनुष्का कुमारी, आकाश सिंह ,तान्या सिंह, प्रियांशु सिंह, श्रेणिका सिंह उपस्थित थे।

# होली के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर रहेगी विशेष नजर : एसपी

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। जिले के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है और चिन्हित स्थानों पर सख्त पहरा भी होगा ताकि आसमाजिक तत्व नफरत व हिंसा फैलाने में कामयाब न हो। विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला को अलग-अलग सेक्टर में भी बांटा गया है और इसके लिए प्रशासन व पुलिस के वरीय पदाधिकारी को भी जिम्मेवारी सौंपी गई है। संवेदनशील स्थानों पर समुचित संख्या में मजिस्ट्रेट ऑफ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। जानकारी के मुताबिक करीब 1000 से अधिक जवान, 500 पुलिस पदाधिकारी अलग-अलग स्थान पर प्रतिनियुक्ति किए गए हैं। 205 संवेदनशील स्थानों को भी चिन्हित किया गया है, जहां विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश डीएम-एसपी के स्तर पर संयुक्त रूप से दिया गया है। साथ ही 215 पुलिस पोस्ट भी बनाए गए हैं।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की तैनाती सुनिश्चित की गई है। साथ ही, इंटरनेट मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। साइबर सेनानी ग्रुप के माध्यम से आपत्तिजनक एवं अफवाह जनक पोस्ट करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे भी इंटरनेट मीडिया पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इसके अलावा, हुड़दंग मचाने वालों, नशापान करने वालों एवं अश्लील या द्विअर्थी गीत बजाने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के विधि विरुद्ध कार्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी से अपील किया कि होली एवं रमजान का पर्व भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे तथा सभी नागरिक सुरक्षित और उल्लासपूर्ण माहौल में पर्व का आनंद लें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# सड़क हादसे मे शिकार हुए परिवार को समाजसेवी ने किया मदद

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर कमला गांव निवासी युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी ने, एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए, सरायरंजन थाना क्षेत्र के भागवतपुर छज्जा चौक पर हुए सड़क हादसे में मृत युवक के घर बुधवार 12 मार्च को, अपने टीम के लोगों को भेजकर उनकी सहायता की तथा हजारों रूप्ये का राशन-किरासन का सामान उपलब्ध कराया है। बताते चलें कि पिड़ित परिवार को उपलब्ध कराए । इस संबंध में मृतक के भाई का बताना है कि, सोमवार 10 मार्च की देर शाम उनके भाई मृतक कैलाश सहनी व उनके बहनोई अजय सहनी अपने रिश्तेदार के घर से वापस अपने घर लखनीपुर महेशपट्टी आ रहे थे। इसी दौरान सरायरंजन थाना क्षेत्र के छज्जा चौक के पास, किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घायलों में एक स्थानीय युवक भी था। हादसे के बाद तत्काल स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को ईलाज



के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर में भर्ती कराया था। जहां उनके भाई कैलाश सहनी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, तथा उनके बहनोई को बेहतर ईलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर दिया था, लेकिन अर्थाभाव के कारण उनका ईलाज जिला के ही एक अस्पताल में कराया जा रहा है। जिसकी सुचना किसी माध्यम से उजियारपुर प्रखंड मुख्यालय से सटे भगवानपुर कमला गांव निवासी, युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी को मिल गयी। जिसके बाद उन्होंने अपने टीम के लोगों को भेजकर घायल के ईलाज में सहयोग भी किया है, तथा करीब 25-30 हजार का राशन किरासन सामग्री भी उपलब्ध कराया है। वहीं इस संबंध में मृतक के ग्रामीण बैजनाथ सहनी का बताना है कि, मृतक कैलाश सहनी अपने बहनोई अजय कुमार सहनी के साथ, ननिहाल से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान सरायरंजन थाना अंतर्गत भागवतपुर गांव स्थित, छज्जा चौक के पास एक अज्ञात बोलेरो के चपेट में आकर एक स्थानीय युवक सहित तीन लोग जख्मी हो गए। जिसमें से दो की मौत घटनास्थल पर हीं हो गयी। मृतक में उनके ग्रामीण कैलाश कुमार भी शामिल था। वहीं गंभीर रूप से घायल अजय कुमार का ईलाज जिला के एक निजि अस्पताल में किया जा रहा है। जिसकी सुचना मिलने के बाद जिले के चर्चित युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी ने, पिड़ित परिवार के मदद को अपना हाथ आगे बढ़ाते हुए, करीब 25-30 हजार का राशन किरासन का सामान उपलब्ध कराया है। वहीं स्थानीय लोगों का यह भी बताना था कि, घर की माली हालत ईतनी खराब है कि, मृतक का अपना घर भी रहने लायक नही है। जिसके कारण मृतक अपने चचेरे भाई के घर में सपरिवार विगत एक वर्षों से स्थायी रूप से रह रहे हैं। आपको बता दें कि विगत कई वर्षों से युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के द्वारा, किसी भी प्रकार के घटना से पिड़ित लोगों की सहायता पूर्णतः निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। जिस कड़ी में उन्होंने केवल वर्ष 2024 -25 में दर्जनों अगलगी के घटना से प्रभावित परिवार, अपराधियों की गोली से मरने वाले परिवार, सड़क हादसों के पिड़ित परिवार व तालाब पोखरा आदि में डूबकर मरने वाले परिवारों एवं गरिब परिवार के लड़कियों की सादी में भरपूर सहयोग देते आ रहे हैं किसी भी घटना में सबसे बेहतरीन तरीके युवा समाजसेवी भाई राजू साहनी के प्रतीनिध पहुंचते हैं दरवाजे पर भी, सबसे पहले समाजसेवी भाई राजू सहनी या उनके टीम के लोग पहुंचते हैं, और हरसंभव मदद भी करते हैं। जहां एक तरफ़ पुरा देश रंगों का त्योहार होली का पर्व मनाने की तैयारी कर रहा है, लोग एक दुसरे को रंग बिरंगे गुलाल व रंगों से रंगने की तैयारी कर चुके हैं, तो वहीं दुसरी ओर युवा समाजसेवी भाई राजू साहनी, लगातार धारावाहिक तरीके से गरीब-गुरबों की मदद व उनके परिवार को सहायता उपलब्ध कराने में व्यवस्थ दिख रहे हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए जब जिले के चर्चित युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी से उनके मोबाइल पर संपर्क की गयी तो, उन्होंने बताया कि, रंगों का यह त्योहार होली प्रत्येक वर्ष आता है, और आने वाले दिनों में भी आते ही रहेगा, लेकिन होली से भी ज्यादा जरूरत किसी गरीब व्यक्ति की मदद हो जाए, वह बेहतर है। इसलिए वह इस प्रकार के गरीब व निर्धन लोगों की सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उनके लिए होली का पर्व मनाने से बेहतर गरीबों की सहायता करना होता है। इसलिए वह लगातार इस तरह के मामलों में अपने टीम के लोगों को भेजकर सहायता करवा रहे हैं। मौके पर राजू सहनी टीम के सदस्यों में भगवानपुर कमला पंचायत के सरपंच पति जयराम साहनी, श्रीराम साहनी, रामश्रेष्ठ साहनी, सुजित कुमार, चन्दन साहनी, बैजनाथ सहनी, कैलाश सहनी, राजेश कुमार सिंह, वरुण कुमार राय, सियाराम राय, रंजीत प्रसाद, हरेंद्र साहनी, सुखलाल साहनी, नकुल साहनी, मदन साहनी, बटोरन साहनी, चंद्रकांत सिंह, ललीत कुमार सिंह, कपिल पासवान, सुरेन्द्र महतो, गंगा प्रसाद पासवान, बैजनाथ सहनी, सुरेश प्रसाद सहनी, संजय सहनी उर्फ बबलू, हरेन्द्र सहनी उर्फ छोटू तथा राजकुमार सहनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## अपने बिहार के लिए युवाओं को नए प्रतिमान स्थापित करने होंगे

नई सोच एक्सप्रेस



**मातृभूमि की सेवा में तत्परता से लगे तमाम लोगों का हृदय से आभार, चिंतनशील लोगों का आभार, जो अपनी बौध्दिकता से आने वाले भविष्य के लिए तटस्थ हैं। और, निरन्तर राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं।**

**[ यह भी पूर्ण विश्वास है कि लघुवादियों द्वारा रोपे गए लघुवाद के विष बेल लताओं को बिहार के युवा जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। और, आईपीएस विकास वैभव के साथ सत्य की यात्रा में शामिल होकर बिहार निर्माण में जुट जायेंगे। और, अपने बिहार के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। ]** जातिवाद जैसे लघुवाद से जुड़कर बिहार के युवा भटक रहे हैं। युवाओं को लघुवाद की जाल से मुक्त कर उन्हें सत्य की राह पर रखने का प्रयास आईपीएस विकास वैभव लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से लगातार कर रहे हैं। समाज में ईमानदारी का उदाहरण बन चुके आईपीएस विकास वैभव से प्रभावित होकर युवा पीढ़ी तेज़ी से उनके द्वारा चलाए गए अभियान लेट्स इंस्पायर बिहार से जुड़ भी रहे हैं। सत्य की राह भले पथरीली हो पर हृदय को सुकून तो सत्य की राह पर चलकर ही मिलता है। सत्य की राह पर चलने के लिए विचार शक्ति का होना आवश्यक है। विचार शक्ति का मनुष्य जीवन में एक विशिष्ट स्थान है। इसका प्रभाव जीवन में भिन्न-भिन्न प्रकार से असन्दिग्ध रूप में होता ही रहता है। यह एक महान् शक्ति है, जो प्रत्येक मानव के अन्तर में निहित है। बुद्धि अथवा परिस्थितियों द्वारा जब उसका विकास हो जाता है, तब उससे निसन्देह कभी-कभी आश्चर्यजनक कार्य भी होते देखे गये हैं। आपके विचारों में आपके जीवन और दूसरों के जीवन को आकार देने की अविश्वसनीय शक्ति है, क्योंकि आपके विचार और परिस्थितियों की व्याख्या सीधे आपके विश्वासों और अंततः आपके कार्यों को प्रभावित करती है। जिस प्रकार मन के विकार से काम, क्रोध, लोभ आदि मनोवेग पैदा होते हैं, उसी प्रकार मन के विकार से विचार भी पैदा होता है। विचार एक ऊर्जा (एनर्जी) है, जो मनुष्य के अंतःकरण में प्रकट होती है। सफलता के तीन मंत्र है — दृष्टिकोण, समय और लक्ष्य। सफलता अंतिम नही होती, असफलता जानलेवा नही होती, हिम्मत से ही इस गिनती को आगे बढाया जा सकता है। ध्यानपूर्वक करने के लिये अपना समय अवश्य ले लेकिन जब क्रिया का समय आ जाये तो सोचना बंद करे और आगे बढे। सफल लोग और दुसरे लोग में केवल अंतर केवल ताकत की कमी, दिमाग की कमी नही बल्कि इच्छाओ की कमी है। जीवन की सफलता का मूलमंत्र है परिश्रम, उत्साह, और दृढ़ विश्वास। लक्ष्य की प्राप्ति में एक बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए, जब लक्ष्य बड़ा हो तो छोटी-छोटी चीजों में उलझना नहीं चाहिए। इससे लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा आती है और स्वयं की ऊर्जा का नाश होता है। किसी भी कार्य को पूर्ण करने में ऊर्जा और साहस का बहुत बड़ा योगदान होता है। युवाओं के व्यक्तित्व के विकास में युवाओं के दृष्टिकोण की अहम भूमिका होती है। अगर युवाओं के विचार कमजोर हैं तो युवाओं का व्यक्तित्व भी कमजोर हो जाएगा। युवाओं के विचार ऊंचे हैं तो युवा स्वयं भी जीवन की ऊंचाइयों को शीघ्र प्राप्त कर लेंगे।युवाओं को समय का महत्व समझना होगा,जो युवा सीख गया, वह जिंदगी में जरूर सफलता प्राप्त करता है। समय बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए हम सभी को अपने काम समय पर करने चाहिए। समय बहुत मूल्यवान होता है, इसलिए हम सभी को समय का सदुपयोग करना चाहिए। समय का सही उपयोग करने के लिए समय नियोजन करना जरूरी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिहार के युवाओं के मन मस्तिष्क में भी देवासुर संग्राम चल रहा है। सही और गलत के द्वंद में फंसे युवा लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शन में स्वयं के विरुद्ध चल रहे युद्ध को जरूर जितेंगे। साथ ही, यह भी पूर्ण विश्वास है कि लघुवादियों द्वारा रोपे गए लघुवाद के विष बेल लताओं को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। और, आईपीएस विकास वैभव के साथ सत्य की यात्रा में शामिल होकर बिहार निर्माण में जुट जायेंगे। सफलता के तीनों मंत्र दृष्टिकोण, समय और लक्ष्य को अपनाकर अपने बिहार के मान को निचले पावदान से उठाकर शीर्ष पर वापस पहुंचाने के लिए कठीन परिश्रम भी करेंगे। इसके लिए जरूरी है कि आईपीएस विकास वैभव के विचार बिहार के हर युवा तक पहुंचे। इसलिए, बिहार के वृहत और ईमानदार सामाजिक लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का संदेश सबके सहयोग से और शीघ्रता से जन जन तक पहुंचाने में सहयोग की आवश्यकता है। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## डीएम ने चापाकल मरम्मत दल की गाड़ी को हरी झंडी दिखकर किया रवाना, खराब पड़े चापाकलों को करेंगे ठीक

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** के डीएम रोशन कुशवाहा ने आने वाली भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए खराब पड़े चापाकलों को ठीक करने के लिए चापाकल मरम्मत दल को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किए रवाना। चापाकल मरम्मत दल सभी 20 प्रखंडों के लिये रवाना किए गये हैं। प्रखंड क्षेत्र में सभी सरकारी चापाकलों में किसी तरह की गड़बड़ी होने पर मरम्मत दल उसे दुरूस्त कर चालू कराने का काम करेंगे। चलंत चापाकल मरम्मत दल के द्वारा मरम्मत किये गये चापाकल का स्थल निरीक्षण संबंधित प्रखंड व प्रशाखा के जेई करेंगे सभी सार्वजनिक स्थानों ,स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, अनुसूचित जाति, जनजाति टोलों में चिंहित जल की अनुपलब्धतता वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर चापाकल मरम्मत कार्य कराया जायेगा। बताते चलें कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1890 चापाकलों के मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मरम्मत कराये गए चापाकल का प्रमंडल स्तर से दैनिक रूप से अनुश्रवण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं।जिलाधिकारी ने लोगों ने अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी नहीं करने की अपील की है। दूसरे व्यक्ति को पेयजल का सदुपयोग करने के लिये जागरूक करने की भी अपील की है। कहा गया कि विभाग के द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर 18001231121 पर 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। वहीं जिला नियंत्रण कक्ष के 06274295464 नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 5



बजे तक संपर्क किया जा सकता है। जिले में प्रखंडवार कनीय अभियंताओं का नंबर विद्यापतिनगर, सरायरंजन तथा दलसिंहसराय के कनीय अभियंता सुशांत शर्मा- 8368592153, ताजपुर प्रखंड के जेई सुजीत कुमार भारती- 6204245011, कल्याणपुर के जेई राधेकांत दास- 9801031643, पूसा जेई संजय कुमार- 9546597964, पटोरी जेई मिसा भारती कुमारी- 6206927004, मोहिउद्दीननगर के जेई उम्मे हानी- 9117150925,बिथान की जेई उषा कुमारी- 7667006438, वारिसनगर के जेई विनित तिवारी- 8969802607, खानपुर की जेई अंकिता- 7070278359, विभूतिपुर JE पंकज कुमार- 8544281948, सिंघिया की जेई निधि कुमारी- 8750138031, रोसड़ा के जेई हरसित कुमार मिश्रा- 9661327081, उजियारपुर के धन्नजय कुमार- 9162589177, हसनपुर जेई विवेक कुमार- 700445410, समस्तीपुर जेई राजेश कुमार- 9801572004, शिवाजीनगर के कनीय अभियंता हिमांशु कुमार- 8651563037, मोहनपुर की जेई माधवी मंडल- 9635076939 है। को अपने क्षेत्र के सरकारी स्थानों पर खराब चापाकलों को ठीक करने के लिए दिए गए नंबर पर सूचना दे सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## होली त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाए गुलाम हसनैन



**किशनगंज।** बुधवार को होली और रमजान पर्व त्यौहार को लेकर ठाकुरगंज के एआईएमआईएम पार्टी के सीमांचल युवा संगठन प्रभारी सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष प्रतिनिधि गुलाम हसनैन ने कहा कि हर साल की भांति इस बार भी होली त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में समापन होगा। सीमांचल क्षेत्र की धरती गंगा जमुना तहजीब का मिसाल पेश पूरी दुनिया में दिया जाता है, एक सामुदायिक दूसरे समुदाय का त्यौहार को उल्लास के साथ मनाया जाता है। भाईचारगी का पैगाम देते हुए एक दूसरे को रंग देकर मोहब्बत की पैगाम समाज में देते हैं। आगे उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार खुशी का त्यौहार है, मैं उम्मीद करता हूं कि होली त्यौहार भाईचारगी का पैगाम देते हुए अमन और शांति के साथ मने और मैं कामना करता हूं इसी तरह भाईचारा की कायम रहे। आगे उन्होंने कहा कि मैं प्रशासन से भी मांग करता हूं कि हर जगह पुलिस प्रशासन का पूरा तरह तैनात रखें और खासकर सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखें अफवाह फैलाने वाले और हुड़दंगीयों पर समय पर नकल कैसे ताकि हमारे सीमांचल क्षेत्र में भाईचारा की बरकरार रहे और होली का त्यौहार खुशी से मनाए यह त्यौहार साल में एक बार होता है। जिससे सबको यह उम्मीद होता है की रंग-बिरंगी रंग लेकर अपनी भाईचारगी का मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे को शुभकामना और बधाई दे। इस दौरान श्री गुलाम हसनैन ने होली के शुभ अवसर पर तमाम जिला वासियों को होली का शुभकामना एवं बधाई दी है।

## अपनी नौवीं वर्षगांठ पर होटल द एवीआर दे रहा 40 प्रतिशत तक की छूट



**पटना।** बेली रोड स्थित होटल द एवीआर ने बुधवार को बड़े ही धूमधाम से अपनी नौवीं वर्षगांठ मनाई। इन नौ वर्षों में होटल द एवीआर ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से राजधानी के शीर्ष होटलों में अपना नाम दर्ज कराया है। इस अवसर पर होटल प्रबंधन ने केक काटकर नौवीं वर्षगांठ को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। मौके पर उपस्थित होटल द एवीआर के जनरल मैनेजर सूर्यकांत ने कहा कि हमें बहुत ही प्रसन्नता हो रही है की होटल द एवीआर ने सफलतापूर्वक अपने नौ वर्ष पूरे कर लिए। वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह होटल पिछले नौ वर्षों में ग्राहकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि बेली रोड स्थित यह लग्जरियस होटल ग्राहकों के सभी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। होटल के ऑपरेशन मैनेजर कुंदन कुमार ने बताया कि यह होटल सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है जिसमें 1500 लोगों की क्षमता वाला बैंक्वेट हॉल, 50 लोगों की क्षमता वाला मल्टी कुजीन रेस्टुरेंट, व 52 लग्जरी कमरे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्षगांठ हम अपने ग्राहकों को विशेष छूट दे रहे हैं जिसमें खाने पर 20 प्रतिशत की छूट है जबकि कमरे की बुकिंग पर 40 प्रतिशत की। यह ऑफर 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगा। होटल के शेफ उमेश रॉय ने बताया कि होटल ने समय - समय पर फ़ूड फेस्टिवल आयोजित कर ग्राहकों को संतुष्ट करने की भरपूर कोशिश की है। हमारा उद्देश्य अतिथियों को बेहतर खाना और सुविधा उपलब्ध कराना है। मौके पर होटल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नथिंग फ़ोन (3ए) की बिक्री शुरू; कम से कम 19,999 में उपलब्ध है



**पटना।** नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फ़ोन (3ए) सीरीज की ओपन सेल की घोषणा की है। पहले दिन एक विशेष शुरुआती ऑफ़र के रूप में, फ़ोन (3ए) 19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फ़ोन (3ए) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा। नथिंग ने फ़ोन (3ए) सीरीज को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फ़ोन (3ए) में 50एमपी का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2यू ऑप्टिकल ज़ूम वाला 50एमपी का टेलीफ़ोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फ़ोन Nothing Announces Open Sales प्रो में 60यू अल्ट्रा ज़ूम है। सेल्फ़ी के लिए, फ़ोन Nothing Announces Open Sales में 32एमपी का फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50एमपी का सेंसर है।

## निवा बूपा ने लॉन्च किया राइज़




**पटना।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पहले मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी), जो भारत की जानी मानी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक है, उसने 'राइज़' को लॉन्च किया है। यह एक खास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जिसे भारत के "मिसिंग मिडल" के लिए बनाया गया है, ताकि अच्छे इलाज को और भी ज़्यादा लोगों की पहुंच में बनाया जा सके। इसमें कई नए और अनोखे फीचर्स शामिल हैं जो 'राइज़' हेल्थ इंश्योरेंस को किफायती और सरल बनाते हैं। 'राइज़' को भारत के बड़े और छोटे शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों की जीवनशैली, जरूरतों और पसंद को समझने के लिए गहराई से अध्ययन करने के बाद तैयार किया गया है। कई लोगों से बातचीत करने से पता चला कि इस वर्ग के लोगों की आमदनी सीजन के अनुसार बदलती रहती है, जिससे बेहतर प्राथमिक निजी स्वास्थ्य सेवाओं को पाना उनके लिए थोड़ा मुश्किल है। इसलिए वे ऐसे किफायती दमदार लाभों की तलाश में है, जिससे वह अपनी सेहत संभाल सकें। इस बात के मद्दे नज़र ही, निवा बूपा ने एक किफायती और ख़ास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान बनाया है। यह न केवल ग्राहकों को व्यापक कवरेज देता है, बल्कि उन्हें यह विकल्प भी देता है कि वे अपना इलाज निजी नेटवर्क अस्पताल में कराना चाहते हैं या सरकारी अस्पताल में। साथ ही, अनलिमिटेड डिजिटल कंसल्टेशन और अपनी सुविधा के अनुसार प्रीमियम भरने का विकल्प मिलने से 'राइज़' इस ग्राहक वर्ग के लिए एक आदर्श हेल्थ इंश्योरेंस प्लान बन जाता है। भारत में "मिसिंग मिडल" आबादी का मतलब उन लोगों से है, जो इतनी आय कमाते हैं कि वे सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के लिए पात्र नहीं होते, लेकिन उनकी आमदनी इतनी भी नहीं होती कि वे प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस का महंगा प्रीमियम भर सकें।

# होली पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी ने की शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिले में होली त्योहार के मद्देनजर विधि-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। तथा जिला में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति के सदस्यों को सहयोग देने हेतु अपील किया। बैठक में में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह द्वारा शांति समिति के सदस्यों को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सहयोग देने हेतु अपील किया गया। इस बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को होली त्योहार पर्व के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं संवेदनशीलता को देखते हुए असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों तत्वों की जानकारी उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस संबंध में जीरो ट्रोलरेन्स की नीति का अनुपालन करते हुए अफवाह फैलाने वाले एवं कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर चौकसी बरतते हुए उनपर कार्रवाई की जाएगी । जिलाधिकारी ने बताया कि होली पर्व में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति भंग करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी तथा संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज कर सी.सी.ए.के अंतर्गत सख्त कार्रवाई भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि होली पर्व मद्देनजर सोशल मीडिया पर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आमजन सुरक्षित महसूस करें और असामाजिक तत्वों में भय व्याप्त हो सके इसके लिए जगह जगह पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर निरीक्षण करते हुए विधि-व्यवस्था संधारण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्राधीन शांति समिति के साथ बैठक अनिवार्य रूप से कर लें ताकि विधि व्यवस्था के संधारण में कोई परेशानी ना हो। होली त्योहार पर बाईक रेस लगा कर , तथा द्विअर्थी गाने डीजे पर बजाकर शांति भंग करने वाले हुड़दंगियों को चिन्हित कर संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उक्त शांति समिति की बैठक में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, सिविल सर्जन देवेंद्र प्रसाद ,अनुमंडल पदाधिकारी, राजीव रंजन सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह, नगर परिषद अध्यक्षा रूपा देवी , सांसद प्रतिनिधि, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी तथा सभी थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# माय छोटा स्कूल में मनाया गया होली उत्सव




नई सोच एक्सप्रेस

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** नूतन चौक स्थित माय छोटा स्कूल में होली उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि जोनल एसपी दीपमाला कश्यप, डीएसपी मंजूलता, पायल लाठ, चंचल सलूजा, भूपेंद्र मिश्रा, पुष्पा पाण्डेय और रितु साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्कूल संचालिका मनीषा मिश्रा ने होलिका दहन का महत्व बताया गया। स्कूल के प्यारे बच्चों ने हनुमान चालीसा गणेश वंदना राधा कृष्ण गीत प्रस्तुत कर होली उत्सव मनाया। होलिका दहन का महत्व हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, यह परंपरा प्रह्लाद और होलिका की कथा से संबंधित है। होलिका दहन किया जाता है। भक्तजन अग्नि की परिक्रमा करते हैं और भगवान विष्णु से शांति और सुख का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# कदवा के पूर्व प्रमुख रवि साह को भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत करने से हर्ष

नई सोच एक्सप्रेस

» बधाई देने का सिलसिला जारी है



**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की सहमति से एवं उपस्थित प्रादेशिक नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के नए सत्र हेतु जिला के पदाधिकारी की गई घोषणा। प्रदेश जिला नेतृत्व में कटिहार जिला भाजपा कमेटी में कई जगहों को स्थान मिला है। जिससे भाजपा परिवार में काफी हर्ष व्याप्त है। जिला उपाध्यक्ष कदवा प्रखंड के पूर्व प्रमुख रवि साह सहित सीमा झा,शोभा जयसवाल, राधवेंद्र प्रताप, प्रेम प्रकाश चौधरी, आलोक मंडल, अशोक गुप्ता प्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। आपको बताते चलें कि कदवा प्रखंड अंतर्गत सनौली निवासी रवि साह लंबे अरसे से समाज सेवक के रूप में जुड़े हुए हैं। इन्होंने अपनी पूरा जीवन समाज सेवा में न्योछावर कर दिया है। यह समाज सेवा में इतना अग्रणी भूमिका निभाई हैं कि यह पहचान के मोहताज नहीं है। समाज सेवा करते-करते इन्हें राजनीतिक में प्रवेश किया और राजनीतिक क्षेत्र में यह पिछले कई दशक से अपना सेवा दे रहे हैं। उनकी पत्नी सीता देवी कदवा प्रखंड में प्रमुख पद पर रह चुकी हैं। वर्तमान में सीता देवी उप प्रमुख पद पर आसीन हैं। रवि साह कदवा प्रखंड में प्रमुख रह चुके हैं। यह बीजेपी में रहकर पार्टी के हित में दिन-रात लगे रहते हैं। इनका व्यवहार समाज के हर प्रति सरल और सहज है। यह सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। इनके प्रति आम लोगों का आस्था जुड़ा हुआ है। कदवा प्रखंड के पूर्व प्रमुख रवि साह को उपाध्यक्ष बनाए जाने से कदवा प्रखंड के भाजपा नेताओं ने काफी हर्ष एवं उत्साह है। बधाई देने का सिलसिला जारी है। प्रदेश व जिला कमेटी ने महामंत्री के रूप में रामनाथ पांडे, सौरव मालाकार, गोविंद अधिकारी को बनाया है। मंत्री के रूप में मंजू चंद्रवंशी, धर्मनाथ तिवारी, सविता शर्मा, गौरव पासवान, संजय मंडल,डिस्कीट एंगमो, नेहा किरण,हरमेन्द्र यादव पिंटू, कोषाध्यक्ष विनीता वाधवानी, कार्यालय मंत्री अजय दास एवं सुमन श्रीवास्तव को बनाया है।

# रिलायंस रिटेल के यूस्टा का पूर्वी भारत में विस्तार, बिहार के मुजफ्फरपुर में खोला अपना पहला स्टोर

नई सोच एक्सप्रेस




**मुजफ्फरपुर।** रिलायंस रिटेल के युवा केंद्रित फैशन ब्रांड यूस्टा का पूर्वी भारत में विस्तार जारी है। इसके तहत अब ब्रांड ने मुजफ्फरपुर के आइकॉन प्लाजा मॉल, श्रीरामपुरी, भगवानपुर में अपना नया और पहला स्टोर खोला है। अपने लॉन्च के बाद से ही यूस्टा तेजी से पूरे भारत में अपने स्टोर्स खोल रहा है। इसके स्टोर्स महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड में पहले से ही मौजूद हैं। यह ब्रांड खासतौर पर युवाओं के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन, यूनिसेक्स और कैरेक्टर मर्चेंडाइज, तथा हर हफ्ते नए स्टाइल वाले स्टैरिंग नाउ कलेक्शन पेश करता है। इसकी फैशन रेंज 179 रुपये से शुरू होती है, जिससे युवा ग्राहकों को किफायती और स्टाइलिश विकल्प मिलते हैं। मुजफ्फरपुर का नया स्टोर भी अन्य स्टोर्स की तरह आधुनिक और टेक्नोलॉजी से लैस है। इसमें सेल्फ-चेकआउट काउंटर और चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जिससे कस्टमर्स को बेहतरीन शॉपिंग अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, ब्रांड ने कस्टमर इंफ्लुएंसर प्रोग्राम शुरू किया है, जिसमें कस्टमर अपने पसंदीदा ल्वनेजं स्टाइल्स को ऑनलाइन साझा कर सकते हैं। यूस्टा समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देता है। यह स्टोर लोकल एनजीओ के साथ मिलकर काम करता है और कस्टमर्स को पुराने कपड़े डोनेट करने के लिए प्रोत्साहित भी करता है, जिससे समाज और पर्यावरण को लाभ पहुंचे। अब कस्टमर मुजफ्फरपुर स्टोर पर जाकर खुद इन फैशनेबल कलेक्शन्स को देख सकते हैं या फिर आजियो और जियोमार्ट के जरिए ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं।

# झारखंड में अभिनेता राजन कुमार ने 1 माह में 33 नुक्कड़ नाटक करके लोगों को किया जागरूक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** नुक्कड़ नाटकों के माहिर अभिनेता राजन कुमार पिछले एक महीने से झारखंड के दौरे पर हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर राजन कुमार ने लगभग 30 दिनों में वहां 33 लघु नाटक करके एक और रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया है। राजन कुमार के नेतृत्व में बफ्टा के कई कलाकारों ने नुक्कड़ नाटको के माध्यम से झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, रांची की योजनाओं का जागरूकता अभियान चलाया। बफ्टा मुम्बई के कलाकारों द्वारा वहां नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की योजनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए नाबार्ड के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह बेमिसाल और लाजवाब कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सधी हुई पटकथा और मंझे हुए कलाकारों द्वारा 33 नुक्कड़ नाटक झारखंड के अलग अलग ग्रामीण क्षेत्रों में करवाया गया। राजन कुमार ने बहुत ही सहजता से भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोशाक, मेकअप, साथ ही जोहार, जय झारखंड के नारों के साथ आम लोगों को बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इन नाटकों में राजन कुमार भारतीय किसान जितेंद्र की भूमिका में प्रभावी रूप से नज़र आए वहीं जितेंद्र सिंह गांव के प्रधान के रोल में, रमण कुमार रंजन बैंक मित्र राघव की भूमिका में नजर आए। डिम्पल वर्मा महिला किसान विद्या के रूप में, कल्पश्वनी कुमारी किसान हिरण्या की भूमिका में, कुणाल कुमार युवा किसान पंकज और मो. इन्तेजार किसान पुत्र हीरा के रोल मे नजर आए। बफ्टा (बिहार फ़िल्म ऐंड टेलीविजन आर्टिस्ट एसोसिएशन ट्रस्ट) के संस्थापक अध्यक्ष राजन कुमार ने इस जागरूकता अभियान को नाटकों के माध्यम से पेश करके एक उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है और इसके लिए उन्होंने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और नाबार्ड का विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। कई धारावाहिकों, हिंदी फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों, म्युज़िक वीडियो में अभिनय का परचम लहरा चुके राजन कुमार एक थिएटर ऐक्टर भी हैं यही वजह है कि उन्होंने लगातार एक महीने तक 33 नुक्कड़ नाटक कर दिए। हीरो राजन कुमार ने नाबार्ड रांची के महा प्रबंधक गौतम कुमार की सराहना की। होली पर अपने पैतृक गांव मुंगेर जा रहे लोकप्रिय अभिनेता हीरो राजन कुमार ने सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी।

# ऐक्ट्रेस आरती जोशी परिवार संग मनाएंगी होली

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा जैसे टीवी धारावाहिकों से बेपनाह लोकप्रियता हासिल करने वाली ऐक्ट्रेस आरती जोशी मुम्बई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पॉट की गईं। चमकीले कलर्स के कपड़ों में उनका खिलखिलाता हुआ चेहरा बहुत खुश दिख रहा था। वह एक इवेंट अटेंड करने के लिए अहमदाबाद जा रही थीं। रंगों का त्योहार होली वह अपने पैतृक शहर में फैमिली के साथ सेलिब्रेट करेंगी। मॉडल से ऐक्ट्रेस और एंटरप्रेन्योर बनीं आरती जोशी ने मुथूट फाइनेंस के लिए अमिताभ बच्चन के साथ भी काम किया है। ज़ी, स्टार प्लस, कलर्स और सोनी सहित कई विख्यात टीवी चैनल्स के लिए आरती जोशी ने दर्जनों टीवी सीरीयल्स में अदाकारी की है। संजू और "पीएम नरेंद्र मोदी" जैसे सिनेमा में उनकी एक्टिंग को सराहना मिली है।एक अभिनेत्री होने के अलावा वह समाजसेवी भी हैं। गुजरात के भावनगर में लोगों के लिए उन्होंने काफी सामाजिक काम किए। पर्यावरण को लेकर जागरूकता फैलाने वाली फिल्म हवा बदलो के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी सराहना की है। इन दिनों आरती जोशी अमेज़न प्राइम और क्विक हील साइबर सुरक्षा जागरूकता के के टीवी ऐड में दिखाई दे रही हैं। नक्षत्र डायमंड्स के लिए मॉडलिंग कर चुकी आरती जल्द फीचर फिल्मो में भी नज़र आने वाली हैं।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय चिकित्सालय में असहाय व लावारिस मरीज़ों को मिठाई,गुझिया व अंगवस्त्र देकर मनाया होली

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व समाजसेवियों द्वारा शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय चिकित्सालय में 12 मार्च बुधवार को असहाय व लावारिस मरीज़ों को मिठाई,गुझिया,खजूर व अंगवस्त्र देकर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी होली के शुभ अवसर पे होली मनाया गया । कार्यक्रम की खास बात उसकी गंगा-जमुनी तहजीब व एकता रही,इस कार्यक्रम में हिन्दू समाज के साथ-साथ मुस्लिम समाज ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । मुस्लिम समाज के लोग रोज़ा रहते हुए भी जिन मरीज़ों के साथ कोई अबीर व गुलाल खेलने वाला या उनका सुख-दुःख बांटने वाला कोई नही था उनके साथ उनको मिठाई, गुझिया,खजूर बाटते हुए अबीर- गुलाल भी लगाया सबने बताया कि हमलोग भारत के लोग है और यहाँ हमेशा से मिलजुल कर रहते आये है साथ मे पढ़ने से लेकर व्यवसाय, सुख-दुःख में शामिल होना,साथ में सभी धर्मो के त्योहारों को मनाना ही तो हमे हर धर्म सिखाता है । समाजवादी पार्टी के नेता व समाजसेवी शुभम सेठ "गोलू" ने बताया कि पिछले 8 वर्षो से समाज सेवा कर रहे है और लगातार 8 वर्षो से होली इन्ही मरीज़ों के साथ मानते है जिसमे ना कोई हिन्दू है ना मुसलमान,सब एक समान है और सभी लोग एकदूसरे की भावनाओ का आदर करते है । समाजवादी पार्टी के नेता व राष्ट्रीय सचिव ज़ीशान अंसारी ने बताया कि हमलोग हर वर्ष ऐसे ही इन मरीज़ों के साथ होली मानते है सिर्फ होली ही नही बल्कि दीवाली भी,मेरे जैसा मुसलमान रोज़ा रख के आज मरीज़ों के साथ होली का त्योहार मना रहा है अबीर- गुलाल लगा रहा है इसी गंगा -जमुनी तहजीब को कुछ लोग तोड़ना चाहते है यह एकता एक पार्टी विशेष के आँखों की कीरक़िरी बनी है सत्ता जब कमज़ोर होती है तब अधिकारी बेलगाम हो जाते है और जब अधिकारी सरकार चलाने लगेंगे तो समाज मे अराजकता फैल जाएगी लेकिन जब तक हम जैसे लोग है समाज को जोड़ने का काम करते रहेंगे । समाजवादी पार्टी के नेता ज़ीशान कलाम ने बताया कि आज समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है सरकार खुद व अपने अधिकारियों के माध्यम से समाज मे जहर घोलने का काम कर रही है लेकिन कुछ भी हो जाये हमलोग उनके मंसूबों को कामयाब नही होने देंगे । इस कार्यक्रम में विशेष तौर पे दानिश,शानू खान,रितेश गुप्ता,राज गुप्ता,सुजीत गुप्ता,अधिवक्ता अमरेंद्र पाण्डेय आदि लोग सम्मिलित रहे ।

# कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। यह याद रखना चाहिए कि 22 फरवरी, 1994 को भारत की संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें दोहराया गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और रहेगा। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोडऩा होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। वास्तव में जयशंकर की टिप्पणी संसद के इसी प्रस्ताव की प्रतिध्वनि है। जयशंकर ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना भारत का पहला प्राथमिक कदम था। सूबे में विकास, आर्थिक गतिविधियां और सामाजिक न्याय की बहाली दूसरा कदम और यहां निष्पक्ष चुनाव कराना तीसरा कदम था। वास्तव में भारत अच्छी तरह से जानता है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर उसके लंबे समय से चले आ रहे दावे के अलावा पाकिस्तान का भी दावा है और स्वयं उन कश्मीरियों का अपना दावा है जो उस हिस्से की आजादी की मांग कर रहे हैं या भारत में विलय के लिए मांग कर रहे हैं। चौथा दावा चीन का भी है जिसने वहां भारी निवेश किया है। इस अर्थ में जयशंकर का कहना जायज है कि पीओके भारत के नियंत्रण में आ जाए तो वह भी भारतीय जम्मू-कश्मीर की तरह विकास के रास्ते पर बढ़ सकता है। परंतु व्यवहार में यह काम इतना आसान नहीं है। हाल-फिलहाल यह हो सकता है कि पीओके में पाकिस्तानी सरकार के जो जुल्म बढ़ रहे हैं और जिनसे वहां के निवासी आक्रांत रहे हैं, उनके लिए वैश्विक समर्थन जुटाया जाए और स्वयं भारत भी उन्हें स्पष्टतः आश्वासन दे कि वह उनकी जायज मांगों का समर्थक है। गिलगिट-बलूचिस्तान में रहने वाले लोगों ने अपने क्षेत्र पर पाकिस्तान के बलात कब्जे को कभी स्वीकारा नहीं है। यहां राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं। पाकिस्तान की कुल भूमि का 40 फीसद हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब एक करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस इलाके में सर्वाधिक बलूच हैं। इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्तान भी कहा जाता है।

# बिहार में कांग्रेस का 'कन्हैया' दांव



आरती कुमारी

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस के कदम से राजद की परेशानी बढ़ जाएगी। पार्टी ने यह रणनीति 2025 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बनाई है। कन्हैया कुमार के नेतृत्व में बिहार में कांग्रेस की रोजगार और पलायन के मुद्दे परपदयात्रा शुरू होने वाली है। कांग्रेस कीयह यात्रा अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने का प्रयास है। इस यात्रा के कई तरह के मायने निकाले जा रहे हैं जिसे 'नौकरी दो, पलायन रोको' का नाम दिया गया है। यह यात्रा 16 मार्च से आरंभ होनेवाली है। यह यात्रा महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण से आरंभ होगी। इस यात्रा के माध्यम से बिहार में रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वुनियादी मसलों को उठाएंगे। कन्हैया कुमार बिहार की सियासत में राजद नेता तेजस्वी यादव के मुद्दे को राजनीतिक धार देते नजर आएंगे तो जनसुराज पार्टी वाले प्रशांत किशोर के सियासी नक्शेकदम पर चल कर कांग्रेस को आत्मनिर्भर बनाने की है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्ण अल्लावरू के अनुसार कांग्रेस की पदयात्रा पलायन और नौकरी के मुद्दे पर है. जो इस मुद्दे से भटकाने की कोशिश करेगा, मतलब वह बिहार सरकार की मदद करेगा। साथ ही कन्हैया कुमार ने कहा कि युवा कांग्रेस और एनएसयूआई की बैठक में फैसला लिया गया कि बिहार का जो सबसे दर्दनाक पहलू है, उसके संबंध में एक पदयात्रा करनी चाहिए। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ जिस जगह से चंपारण आंदोलन की शुरुआत की थी, उसी जगह से कांग्रेस की यात्रा शुरू करने जा रही है। कांग्रेस की यह यात्रा बिहार के विभिन्न जिलों से होते हुए पटना में समाप्त होगी। कांग्रेस इस यात्रा में प्रमुख रूप से शिक्षा, नौकरी और पलायन का मुद्दा उठाएगी। बिहार और बिहार के लोग पढ़ाई के लिए दवा के लिए और कमाई के लिए ही बिहार से पलायन करने को मजबूर हैं। कन्हैया ने कहा, बिहार में समय से नौकरी के पदों को नहीं भरा जाता है। आज भी बीपीएससी से जुड़ा हुआ मामले को लेकर बिहार के छात्र नौजवान आंदोलनरत हैं। कन्हैया कुमार ने कहा कि "बिहार में रोजगार की भारी कमी है। युवा शिक्षा और इलाज के लिए भी बाहर जाने को मजबूर हैं। यह सबसे बड़ा मुद्दा है जिसे लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। हमारी यात्रा इसी उद्देश्य के लिए है कि सरकार को युवाओं की समस्याओं पर ध्यान देना पड़े।" उन्होंने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि डोमिसाइल नीति के तहत बिहार के युवाओं का हक छीना जा रहा है और नौकरियां बाहरी लोगों को दी जा रही हैं। जब उनसे महागठबंधन के संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि "जिसके पास संख्या होगी, वही मुख्यमंत्री बनेगा। जनता जिसे समर्थन देगी, वह आगे आएगा।" हालांकि, जब उनसे खुद के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे टाल दिया। बिहार में पदयात्रा के लिए कन्हैया कुमार ने जिन मुद्दों को सियासी धार देने का फैसला किया है, उसे तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर उठाते रहते हैं। रोजगार के मुद्दे पर ही तेजस्वी यादव ने 2020 का चुनाव लड़ा था और 2025 की चुनावी पिच पर भी उस रणनीति के साथ उतरने की तैयारी है। पिछले दिनों चुनावी रणनीतिकार से सियासत में आए प्रशांत किशोर भी बिहार की पदयात्रा की थी। यात्रा के दौरान पीके ने बिहार से पलायन और रोजगार के मुद्दे पर मौजूदा और पूर्ववर्ती सरकारों को कठघरे में खड़े करते नजर आए थे। रोजगार और पलायन के मुद्दे को उठाने के चलते तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर दोनों को बिहार की राजनीति में पहचान मिली है। तेजस्वी के रोजगार वाले मुद्दे को धार देने और प्रशांत किशोर की तर्ज पर कन्हैया कुमार ने पदयात्रा करने का फैसला किया है। कन्हैया ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले रोजगार और पलायन के मुद्दे को लेकर नीतीश कुमार के अगुवाई वाली सरकार के खिलाफ सियासी एजेंडा सेट करने की रणनीति अपनाई है। इसे कांग्रेस की खोई हुई सियासी जमीन को वापस पाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। बिहार में कांग्रेस नेता कृष्ण अल्लावरु ने कहा कि बिहार की मौजूदा सरकार पलायन सरकार है। बिहार में महंगाई दवाई और कमाई के बगैर काम किए बिना बिहार के लोगों को बिहार छोड़ने पर मजबूर किया गया है। बिहार के लिए आज पलायन से सम्मान और गौरव की बात को केवल ठेस पहुंचाने की बात नहीं है। यह राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक बीमारी बन चुकी है। इसी मुद्दे को लेकर युवा बिहार के छात्र और बिहार के हर एक इंसान के दुख दर्द को लेकर यात्रा करने जा रही है। कांग्रेस जो बात बोल रही है, वैसे ही प्रशांत किशोर बोला करते थे। इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस बिहार में अपने जनाधार को फिर से टटोलने की कोशिश कर रही है। कन्हैया कुमार की शुरू होने वाली पदयात्रा इस बात का संकेत है कि पार्टी अपनी बची हुई ताकत को आंकना चाहती है। कन्हैया कुमार की गिनती कांग्रेस के सबसे युवा चेहरे में होती है। कन्हैया की गिनती राहुल गांधी के करीबी नेताओं में होती है। यही कारण कि कन्हैया बिहार में बेरोजगारी और पलायन के मुद्दे पर पदयात्रा का खाका तैयार किया गया है ताकि युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ा जाए और कन्हैया की लोकप्रियता का भी सियासी लाभ उठाया जा सके। कन्हैया कुमार के बिहार में सक्रिय होने से लालू परिवार से गांधी परिवार के रिश्तों में खटास आ सकती है। इसके पीछे वजह मानी जा रही है कि तेजस्वी यादव नहीं चाहते हैं कि कन्हैया बिहार में सक्रिय हों। कन्हैया कुमार ने बिहार से ही छात्र राजनीति की शुरुआत की और युवाओं के साथ वह सीधा संपर्क स्थापित करते हैं। दूसरा, तेजस्वी यादव के युवा चेहरे के समानान्तर कांग्रेस भी एक युवा चेहरा आगे कर अपने संगठन में युवाओं को जोड़ सकती है। यही कारण है कि नौकरी और पलायन के मुद्दे पर जो कांग्रेस की पदयात्रा चंपारण से शुरू हो रही है। इसकी रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी कन्हैया कुमार के कंधे पर है। बिहार में महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर राजद और कांग्रेस के बीच मामला उलझा हुआ है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन के लिहाज से सीट शेयरिंग चाहती है लेकिन आरजेडी 30 से 40 सीट ही देना चाहती है। राजद ने कहा है कि जहां जिस पार्टी के मजबूत कैंडिडेट होंगे, वहां से पार्टी के प्रत्याशी को टिकट दिया जाएगा। इस तरह सीट शेयरिंग का मामला पहले से उलझा है और कन्हैया कुमार के चुनाव से पहले बिहार की सियासी पिच पर उतरने महागठबंधन के रिश्ते में खटास आ सकती है। बिहार में युवा छात्र और रोजगार को लेकर तेजस्वी यादव लगातार बिहार सरकार पर दबाव बनाए हुए हैं। अपने 17 महीने के कार्यकाल में चार लाख से अधिक नौकरी देने का दावा तेजस्वी यादव कर रहे हैं। तेजस्वी अपने कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा में युवाओं को फोकस करते हुए पूरे बिहार के युवाओं को रोजगार के मुद्दे पर अपने साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं।ऐसे में तेजस्वी के रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस भी अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने में जुटी है। राजनीतिक विश्लेषकों माने तो कांग्रेस बिहार में राजनीति राजद की राजनीतिक बैसाखी के सहारे कर रही है। 2025 विधानसभा चुनाव में आरजेडी की मंशा कांग्रेस को कम सीट देने की तैयारी कर रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने भी बिहार की राजनीति में कन्हैया कुमार जैसे युवा चेहरे को भेज कर तेजस्वी के युवा पॉलिटिक्स पर प्रेशर बनाने का काम किया है। तेजस्वी यादव युवा की राजनीति कर रहे हैं. वह नहीं चाहते कि महागठबंधन में उनके अलावा किसी युवक का बड़ा चेहरा उनके समानान्तर खड़ा हो सके। इसके अलावा बिहार में जिस सियासी जमीन पर आरजेडी खड़ी है, वो कभी कांग्रेस की हुआ करती थी। बिहार में कांग्रेस अगर मजबूत होती है तो वो राजद की जमीन पर ही होगी। इसीलिए कांग्रेस और कन्हैया कुमार की सियासी सक्रियता सबसे ज्यादा आरजेडी की टेंशन बढ़ाएगी। कन्हैया के बिहार में आने से बीजेपी को एक बड़ा मुद्दा ही मिलेगा. बीजेपी कन्हैया कुमार को टुकड़े-टुकड़े गैंग का सरगना बताती रहती थी। इस तरह कन्हैया के सक्रिय होने को बीजेपी भी मुद्दा बनाएगी लेकिन उसकी मंशा अलग होगी। कन्हैया कुमार की यह यात्रा बिहार की सियासत में कितना असर डालती है और कांग्रेस को कितना फायदा पहुंचाती है, कन्हैया कुमार को राजद कितना स्वीकारती है, ये यक्ष प्रश्न सियासी गलियारे में तैरने लगे हैं ।

## सूडोकु नवताल- 7368

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagruktdaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7367 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# कुंभ में डुबकी पापों को पुण्य में बदला

हरिशंकर व्यास

जो आस्थावान हैं वे परमहंस अवस्था में हैं। उन्हें मुक्ति मिली। मोक्ष के साथ स्वर्गलोक में स्थान पक्का! जीवन तथा जन्म धन्य। ऐसे कोई 66 करोड़ हिंदुओं ने मौका नहीं चुका है। इन्होंने कुंभ में डुबकी लगाई और पापों को पुण्य में बदला। जन्म-जन्मांतर से मुक्ति हुई। स्वर्ग (ब्रह्म में लीन) सुख की गारंटी पाई। दूसरी तरफ वे संसारजीवी हिंदू हैं, जो हैरानी से मन ही मन मान रहे हैं कि मार्केटिंग के रणनीतिकारों की कोई न कोई टोली, कोई थिंक टैंक है, जिसकी प्लानिंग से योगी और मोदी हिंदुओं में आस्था की सुनामी बनाते हुए हैं! बकौल प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में- यह आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपट्‌र्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। सौ टका सही बात है। निश्चित ही डोनाल्?ड ट्रंप व इलॉन मस्क सहित दुनिया के उन सभी कर्णधारों को अपने राजनीतिक-धार्मिक, कारोबारी रणनीतिकारों को हड़काते हुए आदेश देना चाहिए कि वे भारत जा कर योगी और मोदी के चरणों में बैठें, उनसे सीखें! इन्होंने 45 दिनों में पूरी दुनिया को पछाड़ दिया है। हिंदू आस्था की महाशक्ति के विश्व रिकॉर्ड बने हैं। सो, कहां गए हमारे धर्म के धर्माचार्य? हमें वेटिकन में भीड़ का रिकॉर्ड बनाना है। जाहिर है इस होड़ में सर्वाधिक घायल चीन ही होगा। इसलिए क्योंकि वह कम्युनिस्ट देश है। धर्म तथा आस्थाविहीन देश है। उसे मोदी के भारत ने पहले आबादी में पछाड़ा। अब आस्था की ताकत में भी पछाड़ा! गौर करें कुंभ बाद सरकारी



प्रेस रिलीज, मीडिया रिपोर्टों की इन बातों पर– 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। अमेरिका सहित एक सौ देशों की आबादी से अधिक लोग कुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचे। यह संख्या मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से भी अधिक है। सऊदी अरब के मक्का और मदीना जाने वाले हजयात्रियों से यह संख्या दो सौ गुना अधिक है। इस महाकुंभ ने इतिहास रचा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में कई रिकॉर्ड बने हैं आदि, आदि। मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में बाकी धर्मों को पछाडऩे के दो टूक आंकड़े भी प्रस्तुत किए। उन्होंने महाकुंभ से तुलना में मक्का, मदीना का आंकड़ा बताते हुए कहा- मक्का में 24 दिन में एक करोड़ 40 लाख यानी करीब डेढ़ करोड़ लोग पहुंचे हैं। ईसाइयों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी में 80 लाख पहुंचे हैं।




**मेष राशि–** आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपके सारे काम भी अच्छे ढंग से होंगे। आज बच्चों को चिड़ियाघर घुमाने ले जाएंगे, जहां बच्चे खूब आनंद उठाएंगे। पारिवारिक काम निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है।

**वृष राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है। जो लोग नौकरी की तलाश में उन्हें नौकरी मिलने की संभावना है। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की पुस्तक प्रकाशित हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जाएंगे।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे हैं। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी। इस राशि के जिन लोगों का सिंगिंग में रुझान है आज उन्हे किसी टीवी शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप महंगी खरीददारी के बारे में भी अपना मन बना सकते है, लेकिन आखिरी समय में आपको निर्णय लेने में मुश्किल होगी।

**कर्क राशि–** आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे। आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो भविष्य में आपकी सहायता कर सकते है। आज सकारात्मक सोच रखकर कार्य करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशि–** आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। लेखकों की आत्मकथा आज पब्लिश होगी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी। साथ ही आज दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं को न रोकें, जो कार्य आपको अच्छा लगें, वहीं करें। शाम का समय आपके लिए चुनौती भरा हो सकता है।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। बच्चो को ज्ञान की बातें बतायेंगे जिससे बच्चे अच्छे रास्ते पर चले। आज आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ टाइम स्पेंड करने से आपकी उलझने कम होंगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, इससे समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा।

**तुला राशि–** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे। आज आपके कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन रहेगा।

**वृश्चिक राशि–** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी। आपके घर पर मेहमान मेहमान आयेंगे, जिससे घर का माहौल व्यस्त रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, आप नई तकनीकी सीख सकते है जो भविष्य में काम आयेगा।

**धनु राशि–** आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ-सफाई में हाथ बटायेंगे। साथ ही कुछ जरूरी सामान खरीदने बाजार जा सकते हैं। आज आप घर में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। इस राशि के नव-विवाहित के लिए आज का दिन बेहतरीन है। लवमेट आज कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते है, जिससे उनके बीच चल रही अनबन दूर होगी।

**मकर राशि–** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। आपको उन लोगों से दूरी बनाकर रखनी है, जिनके विचार नकारात्मक हों। कारोबार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी। आपका नए लोगों से जल्दी ही परिचय हो सकता है।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। जिससे आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को आज सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा। कार्यों को आप धैर्य पूर्वक पूरा करेंगे, जिससे आपका काम सफल होगा। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

**मीन राशि–** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे। अपने बच्चों के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज जो भी फैसला करें काफी सोच विचार कर ही करें, हो सके तो परिवार वालों की राय जरूर लें।

# क्या बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है ?

अशोक भाटिया , मुंबई

बलूचिस्तान में लिबरेशन आर्मी द्वारा क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की 11 मार्च की घटना ने, बलूच और पाकिस्तानी शासन के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों की यादों को एक बार फिर से ताजा कर दिया है। BLA लड़ाकों द्वारा किया गया ये अटैक और हाईजैक बलूचों की स्वतंत्रता की लगातार मांग का नतीजा है। यह लड़ाई आर्थिक उत्पीड़न, राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने, सांस्कृतिक भेदभाव और स्टेट स्पॉन्सर्ड दमन के आरोपों का भी अंजाम है, जो 1947 में पाकिस्तान की स्थापना के बाद से ही चल रहा है। बताया जाता है कि हाल ही में बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ा हमला कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है। अब तो अमेरिका तक ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान की एक ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। इस ट्रेन में पाकिस्तान के 450 लोगों को बंधक बना लिया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान की सेना ने जरा सी भी हरकत करने की कोशिश की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गम इलाके के पास ट्रेन को हाईजैक किया गया है। खबर के मुताबिक, करीब छह हथियारबंद लोगों ने ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं। ट्रेन हाईजैक करते हुए बलूच आर्मी ने पाकिस्तान के 11 सैनिकों को मार दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात तो ये है कि इस ट्रेन में पाकिस्तान की सेना, पाकिस्तान की पुलिस और पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक दल के अफसर व आईएसआई के अधिकारी भी बैठे हैं। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में बैठे पाकिस्तान के अधिकारियों की संख्या 182 से ज्यादा है। ये सभी अफसर छुट्टी मनाने के लिए पाकिस्तानके पंजाब प्रांत में जा रहे थे। बलूचों ने ट्रेन में बैठे इन पाकिस्तानी अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि जरा सी हरकत की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। खबर सामने आ रही है कि बलूच आर्मी ने इस ट्रेन से महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायिन आर्मी और मजीद ब्रिगेड इस मिशन को लीड कर रही है। गौर करने वाली बात ये है कि कुछ दिन पहले ही बलूच आर्मी ने ऐलान किया था कि वो पाकिस्तान पर अपने हमले के तरीकों को बदल देगा। कुछ दिन पहले ही बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के पांच संगठनों ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ हाथ मिला लिया था। इनमें तीन संगठन बलूचिस्तान के हैं और दो संगठन सिंध प्रांत के हैं। मकसद साफ है बलूचिस्तान और सिंध प्रांत को पाकिस्तान से अलग करना और काम शुरू भी हो चुका है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान की संसद में भी बयान दिया गया था कि बलूचिस्तान से पांच से सात प्रांत खुद को आजाद घोषित करने वाले हैं। बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में कम से कम 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही समूह अक्सर सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और क्षेत्र में 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहते हैं। गौरतलब है कि भारत में इससे पहले अगस्त, 2016 में बलूचिस्तान का मुद्दा जोरदार ढंग से चर्चा में आया था और तब इसकी वजह यह थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर लाल किले से दिए अपने भाषण में बलूच लोगों पर पाकिस्तान के अत्याचारों का जिक्र किया था। तब प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर पाकिस्तान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी जबकि बलूचिस्तान के नेताओं ने इस मुद्दे को उठाने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया था। ज्ञात हो कि इस समय पाकिस्तान में क्षेत्रफल के लिहाज से बलूचिस्तान सबसे बड़ा सूबा है लेकिन यहां आबादी कम है और बाकी प्रांतों के मुकाबले यहां के लोग गरीब हैं। यहां रोजगार के मौके भी बहुत कम हैं लेकिन प्राकृतिक संसाधन विशेषकर तेल यहां बहुत ज्यादा है और इसलिए यह सूबा पाकिस्तान के लिए बेहद अहम है। बलूचिस्तान के इतिहास के अनुसार 1947 में भारत के विभाजन के बाद जब पाकिस्तान बना तभी से बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी आर्मी और हुकूमत के द्वारा की जा रही हिंसा, कत्लेआम और उनकी आवाज को दबाने के लिए की गई कार्रवाइयों को देखा है। 1947 से पहले बलूचिस्तान में मकरान, लस बेला, खारन और कलात इलाकों के सरदार शामिल थे। ये सभी ब्रिटिश हुकूमत के प्रति वफादार थे। इन सभी में कलात का सरदार सबसे शक्तिशाली था और बाकी इलाकों के सरदार उसके अधीन थे।जब भारत से ब्रिटिश शासन का अंत होने वाला था तब कलात के अंतिम 'खान' सरदार अहमद यार खान ने एक स्वतंत्र बलूच राष्ट्र की मांग को उठाया। अहमद यार खान ऐसा मानते थे कि उनके और मोहम्मद अली जिन्ना के संबंध बेहद अच्छे हैं और इस वजह से उन्हें पाकिस्तान में शामिल करने के बजाए एक अलग देश की मान्यता मिलेगी। 1947 में पाकिस्तान ने उनके साथ एक मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि अंग्रेज चाहते थे कि कलात का पाकिस्तान में विलय हो जाए। अक्टूबर, 1947 में पाकिस्तान ने एक चतुराई भरा खेल खेला और कलात का पाकिस्तान में विलय करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। 17 मार्च, 1948 को पाकिस्तान की सरकार ने कलात के तीन इलाकों को अपने साथ शामिल कर लिया। इसी दौरान ऑल इंडिया रेडियो पर यह अफवाह फैल गई थी कि कलात के खान भारत में विलय करना चाहते हैं। इस वजह से 26 मार्च, 1948 को पाकिस्तान की सेना बलूचिस्तान में घुस गई और इसके अगले दिन कलात के विलय के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए गए। लेकिन इस विलय के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। बलूचिस्तान की आजादी के लिए अब तक पांच युद्ध (1948, 1958-59, 1962-63, 1973-1977 और 2003 से जारी) लड़े गए हैं, जिनमें से पहला युद्ध 1948 में शुरू हो गया था। पाकिस्तान की सेना के लिए बलूच विद्रोहियों से निपटना बेहद मुश्किल साबित हुआ है। पाकिस्तान की सेना और वहां की हुकूमत ने बलूच विद्रोहियों का निर्दयता से दमन किया है, इस तरह के आरोप अलग बलूचिस्तान की मांग करने वाले लोगों की तरफ से लगातार लगाए जाते हैं। पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान के लोगों का अपहरण करने, उन पर अत्याचार करने, मनमानी गिरफ्तारी करने और हत्याओं तक को अंजाम देने के आरोप लगते रहे हैं। इस बारे में कोई सटीक आंकड़ा नहीं है कि 1948 से अब तक पाकिस्तान की सेना ने बलूचिस्तान के कितने नागरिकों को मारा है। लेकिन एनजीए के मुताबिक, 2001 और 2017 के बीच लगभग 5,228 बलूच नागरिक लापता हो गए और यह मान लिया गया है कि वे अब जिंदा नहीं हैं। इसी कारण पाकिस्तान की सेना की हिंसा के जवाब में बलूचिस्तान की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने भी हिंसा का सहारा लिया है। उन पर ऐसा आरोप लगता है कि उन्होंने गैर-बलूच लोगों की हत्याएं की हैं और बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है।इस्लामाबाद के एनजीओ की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'बलूच विद्रोही गुटों, मुख्य रूप से बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने 2023 में बलूचिस्तान में 78 हमले किए, जिसमें 86 लोग मारे गए और 137 लोग घायल हुए। ये हमले मुख्य रूप से बलूचिस्तान के मध्य, दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के 19 जिलों में हुए और इनमें बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया।' एक सवाल यह भी खड़ा होता है कि बलूचिस्तान की अलग मांग को किस वजह से समर्थन मिला। इसके पीछे दो बातें सामने आती हैं। पहला भेदभाव होना। बलूचिस्तान के लोगों का इतिहास, भाषा और संस्कृति एक जैसी है लेकिन यह बात कही जाती है कि पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां सिर्फ पंजाब के लोगों का दबदबा है। पंजाब के लोगों का पाकिस्तान की नौकरशाही, सारे संस्थानों पर जबरदस्त कब्जा रहा है। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम में भी पंजाबियों का दबदबा है और इस वजह से बलूचिस्तान के लोग ऐसा महसूस करते हैं कि उनके साथ भेदभाव हुआ है। दूसरी वजह है कि बलूचिस्तान के लोग मानते हैं कि उनके संसाधनों पर कब्जा हो रहा है और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। बलूचिस्तान का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यह ईरान और अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर स्थित है और इसलिए भी यह पाकिस्तान के लिए रणनीतिक लिहाज से अहम है लेकिन पाकिस्तान के बाकी हिस्सों की तुलना में यहां के लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस वजह से बलूचिस्तान के लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि पाकिस्तान में उनके साथ नाइंसाफी हो रही है और उन्हें अलग देश दिया जाना चाहिए जिससे वे अपने संसाधनों का इस्तेमाल कर सकें। उनका तर्क है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का ज्यादातर फायदा पाकिस्तान के पंजाब के लोगों को मिलता है। उदाहरण के लिए जैसे चीन के द्वारा बनाए जा रहे ग्वादर पार्ट में अरबों रुपए का निवेश हुआ है लेकिन इससे बलूचिस्तान को फायदा नहीं मिला है बल्कि पंजाबी और सिंधी इंजीनियरों को यहां काम पर रखा गया। इस वजह से कई बार बलूच लड़ाकों ने पंजाब के लोगों को निशाना बनाया है।अब लगता है कि बलूची आर पार की लड़ाई के मूड में है और वह अलग बलूचिस्तान लेकर ही मानेंगे।

# टीम इंडिया को आगे का सत्र है बेहद व्यस्त आईपीएल के बाद इंग्लैंड से खेलेगी टीम



**मुम्बई**। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अब भारतीय टीम का आगे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। कुछ दिनों के आराम के बाद टीम के अधिकतर खिलाड़ी 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के 18 वें सत्र में खेलते दिखेंगे।वहीं इसके बाद टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसेस 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। भारतीय टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं पहुंच पाई है इसलिए उसका लक्ष्य नये सत्र की अच्छी शुरुआत करना रहेगा। भारत 18 साल के अंतराल के बाद पटौदी ट्रॉफी जीतना भी चाहेगा क्योंकि 2021-22 में वे इसे बहुत कम अंतर से हार गए थे। यह सीरीज रेड-बॉल क्रिकेट में देश के लिए नई शुरुआत भी कर सकती है क्योंकि 2024-25 सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इसमें एक नया कप्तान टीम की कमान संभाल सकता है। वहीं सफेद गेंद क्रिकेट में ध्यान टी20आई क्रिकेट पर रहेगा क्योंकि 2026 टी20 विश्व कप अगला आईसीसी टूर्नामेंट है। भारत का लक्ष्य इसमें अपने घरेलू मैदान पर अपने खिताब की रक्षा करना होगा। इस प्रतियोगिता की सहमेजबानी श्रीलंका भी करेगा। अगले 12 महीनों में, भारत नौ टेस्ट मैच और 12 वनडे मैच खेलेगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम एशिया कप और टी20 विश्व कप के मैचों के अलावा 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर 21 जून से 4 अगस्त 2025 के बीच 5 टेस्ट मैच खेलेगी। अगस्त में ही भारत को बांग्लादेश के दौरे पर 3 वनडे और इतने ही मुकाबलों की टी20 सीरीज खेलनी है। वहीं सितंबर 2025 में एशिया कप का आयोजन किया जाना है। वेस्टइंडीज की टीम 2 टेस्ट मैच खेलने अक्टूबर में भारत दौरा करेगी। इसके बाद टीम इंडिया अक्टूबर – नवंबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी. यहां 3 एकदिवसीय और 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी जबकि अंत में उसे दक्षिण अफ्रीका ओर न्यूजीलैंड से खेलना है।

# स्टोक्स को सीमित ओवरों के लिए भी कप्तान बना सकता है ईसीसी



**लंदन**। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को एकदिवसीय और टी20 टीम की कप्तानी भी दे सकता है। चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद जोस बटलर ने इंग्लैंड की टीम की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। ऐसे में अब बोर्ड नए विकल्पों पर विचार कर रहा है। वहीं ब्रेंडन मैकुलम टीम के कोच बने रहेंगे। मैकुलम टेस्ट के साथ ही सीमित ओवरों प्रारुप में भी कोच हैं और स्टोक्स से उनका अच्छा समन्वय है। ऐसे में माना जा रहा है कि ये जोड़ी इंग्लैंड क्रिकेट को आगे ले जाने का प्रयास करेगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की के अनुसार, स्टोक्स ने संकेत दिया है कि वह इंग्लैंड की सीमित ओवरों के प्रारुप की भी कप्तानी संभाल सकते हैं। ईसीबी के अधिकारी ने हालांकि कहा कि इस बारे में कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया जाना चाहिए। पिछले 11 में से 10 मैच हारने के बाद बटलर को कप्तानी छोड़नी पड़ी। ऐसे में माना जा रहा था कि यदि अगली पीढ़ी को कमान मिलती है तो हैरी ब्रूक टीम के उपकप्तान होने के कारण सबसे बड़े दावेदार रहेंगे। रॉब की अभी सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। स्टोक्स ने जो रूट से टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद से ही एक अच्छे कप्तान के तौर पर अपने को साबित किया है पर बढ़ती उम्र और खराब फिटनेस उनका कमजोर पक्ष है। अभी भी वह हैमस्ट्रिंग समस्या से परेशान हैं। कुछ ही समय पहले घुटने की बड़ी सर्जरी भी उनको करानी पड़ी थी। स्टोक्स को लेकर रॉब की ने कहा है कि ये मूर्खतापूर्ण बात होगी अगर हम टेस्ट कप्तान पर विचार नहीं करते। वहीं जब स्टोक्स को लेकर पूछा गया कि इस प्रस्ताव पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी, तो इस रॉब की ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने उनसे इस बारे में बात नहीं की है।

# 150 वीं सालगिरह पर होगा एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मुकाबला




**सिडनी**। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर आज से ठीक दो साल बाद 11 मार्च 2027 को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एक महामुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें इस अवसर पर 11 से 15 मार्च 2027 तक एमसीजी में दिन-रात का एक टेस्ट मैच गुलाबी गेंद से खेलेंगी। सीए ने कहा है कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में दोनों टीमों के बीच होने वाला पहला दिन-रात का टेस्ट मैच होगा। इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही साल 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में शताब्दी टेस्ट मैच भी एमसीजी पर ही हुआ था। तब ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में 45 रन से जीत हासिल की थी। सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, ''एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक बड़े मैच का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन क्रात्रिम रोशनी में होगा जो खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास दोनों का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''इससे अधिक से अधिक दर्शकों की उपस्थिति तय करने में भी मदद मिलेगी साथ ही इस मैच का आनंद लेना भी एक अच्छा अनुभव होगा।'' ऑस्ट्रेलियाई टीम नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 2025-26 एशेज सीरीज की मेजबानी करेगी। इसी सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच दिन-रात का टेस्ट होगा, जो टेस्ट क्रिकेट की 150वीं सालगिरह पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक 13 दिन-रात के टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 12 मैचों में उसने जीत हासिल की थी। इनमें से आठ मैचों का आयोजन एडिलेड में किया गया था।

# ऋषभ की बहन की शादी में पहुंचे धोनी, रैना सहित कई क्रिकेटर





**मसूरी**। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत की शादी में यहां पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई क्रिकेट खिलाड़ी पहुंचे। इस दौरान धोनी और सुरेश रैना ने जमकर डांस किया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। ऋषभ की बहन की पिछले साल सगाई हुई थी। ऋषभ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और वह सोमवार को ही भारत पहुंचे थे। इसके बाद वह परिवार के सदस्यों के साथ शादी समारोह में शामिल हुए। वहीं धोनी भी ऋषभ को काफी पसंद करते हैं। इसी कारण वह अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को ही देहरादून पहुंचे थे। धोनी इससे पहले जनवरी 2024 में लंदन में हुए सगाई समारोह में भी शामिल हुए थे। इसके अलावा भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाजी सुपरस्टार विराट कोहली के भी शादी समारोह में शामिल होने की संभावना है। ऋषभ की बहन साक्षी की शादी कारोबारी अंकित चौधरी से हो रही है। शादी समारोह में देहरादून जाने से पहले धोनी ने चेन्नई में सीएसके कैंप में हिस्सा लिया और आईपीएल 2025 के लिए अपनी तैयारियां शुरू कीं। वहीं ऋषभ आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्हें जनवरी में लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी का नया कप्तान बनाया गया था।

## व्यापार

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार




**नई दिल्ली**। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं, एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। आर्थिक मंदी की आशंका के कारण अमेरिकी बाजार में लगातार दूसरे दिन घबराहट का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.76 प्रतिशत टूट कर 5,572.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,436.10 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,513.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछली सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। एफटीएसई इंडेक्स 104.23 अंक यानी 1.23 प्रतिशत फिसल कर 8,495.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 105.69 अंक यानी 1.33 प्रतिशत लुढ़क कर 7,941.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 292.18 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,328.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,832.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.04 प्रतिशत उछल कर 6,614.14 के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.37 प्रतिशत उछल कर 2,572.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 281.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,352.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,483 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 158.59 अंक यानी 0.67 प्रतिशत फिसल कर 23,623.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.55 प्रतिशत टूट कर 1,169.26 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,375.17 अंक के स्तर पर और निक्केई इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36,777.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# कुछ ही दिन शेष जल्द से जल्द निपटा लें टैक्स दायित्वों से जुड़े काम




**नई दिल्ली**। मार्च 2025 का महीना टैक्सपेयर्स के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि महीने के अंत के साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 भी समाप्त होगा। इसके बाद टैक्सपेयर्स को अपने सभी टैक्स दायित्वों को समय पर पूरा करना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी तरह की पेनल्टी या कानूनी झंझट से बच सके। समय पर टैक्स फाइलिंग न करने पर ब्याज, लेट फीस और अन्य दंड का सामना करना पड़ सकता है। 15 मार्च तक एडवांस टैक्स की चौथी और आखिरी किस्त जमा करनी होगी। जो लोग प्रेजम्पटिव टैक्सेशन स्कीम के तहत आते हैं, उन्हें इसी तारीख तक पूरा टैक्स भरना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, सरकारी कार्यालयों को बिना चालान के कटे गए टीडीएस/टीसीएस की रिपोर्टिंग भी इसी दिन तक करनी होगी। 17 मार्च तक सेक्शन 194-IA, 194-IB और 194S के तहत काटे गए टीडीएस का सर्टिफिकेट जारी करना जरूरी होगा, जिससे करदाताओं को अपने भुगतान का पूरा रिकॉर्ड मिल सके। 30 मार्च तक फरवरी महीने के लिए चालान-कम-स्टेटमेंट की रिपोर्टिंग करनी होगी। 31 मार्च 2025 की तारीख टैक्सपेयर्स के लिए सबसे अहम है, क्योंकि इस दिन तक कई महत्वपूर्ण फॉर्म और दस्तावेज जमा करना होगा। मल्टीनेशनल कंपनियों को वित्तीय साल 2023-24 के लिए देशों से जुड़ी रिपोर्ट (फॉर्म 3सीईएडी) फाइल करनी होगी, ताकि उनकी अंतरराष्ट्रीय टैक्स रिपोर्टिंग नियमों के अनुरूप हो। विदेशी आय पर टैक्स क्रेडिट का दावा करने वालों को फॉर्म 67 भरना जरूरी होगा। इसके अलावा, जिन टैक्सपेयर्स ने वित्तीय ईयर 2022-23 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल नहीं किया था, वे 31 मार्च तक अपडेटेड आरटीआर दाखिल कर सकते हैं। सरकार द्वारा समय-समय पर टैक्स अनुपालन को लेकर कड़े नियम बनाए जाते हैं, ताकि टैक्स चोरी पर रोक लगाई जा सके और पारदर्शी कर प्रणाली लागू की जा सके।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 मॉरीशस नेशनल डे परेड में शामिल हुए PM मोदी,सर्वोच्च सम्मान पाकर बोले:सदियों पुरानी हमारी दोस्ती...
2 महात्मा गांधी ने 12 मार्च 1930 को दांडी यात्रा निकाला था,आज इस सत्याग्रह की 95 वर्षगांठ है,इस अवसर पर पीएम मोदी,कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और हेमंत बिस्वा सरमा समेत कई नेताओं ने इस यात्रा के प्रतिभागियों को श्रद्धांजलि अर्पित की;साथ ही गांधी जी के साहस और बलिदान को याद किया
3 विपक्ष बोला:भारत-पाक बॉर्डर पर एनर्जी प्रोजेक्ट क्यों,ये देश की सुरक्षा के लिए खतरा;सरकार बोली:एजेंसियों से मंजूरी के बाद लाइसेंस दिया
4 भारत में बिना वैध पासपोर्ट घुसने पर 5 साल जेल,लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पेश;जो विदेशी भारत के लिए खतरा,उसे एंट्री नहीं
5 हरियाणा में BJP ने 10 में से 9 निगम जीते,कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला,हुड्डा-सैलजा गढ़ नहीं बचा सके,मानेसर में निर्दलीय मेयर
6 मथुरा पर योगी बोले:जब मौका मिले तो चूकना नहीं चाहिए,एक दिन पूरी दुनिया भगवा पहनेगी;मुझे भगवा पहनने पर गर्व
7 संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी,हाईकोर्ट ने कहा:सिर्फ बाहरी दीवारों पर रंग-रोगन करें,ढांचे को नुकसान न हो
8 उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से दी गई छुट्टी,नौ मार्च को कराया गया था भर्ती,एम्स-दिल्ली ने कहा: चिकित्सा टीम से आवश्यक देखभाल मिलने के बाद,उनकी हालत में संतोषजनक सुधार हुआ,उन्हें अगले कुछ दिन तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है
9 मध्यप्रदेश बजट लाड़ली बहनों को पेंशन योजना से जोड़ेंगे,उद्योगों में 3 लाख नौकरियां मिलेंगी;11 आयुर्वेदिक कॉलेज,22 नए आईटीआई खुलेंगे
10 भांग पीकर विधानसभा आते हैं नीतीश कुमार,महिलाओं को करते हैं बेइज्जत...राबड़ी देवी ने लगाया बड़ा आरोप
11 दुनिया के मंदी में फंसने का खतरा,भारत पर ज्यादा असर नहीं;सुरक्षित रहेगी अर्थव्यवस्था,अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा:अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च टैरिफ लगाने के कदम से वैश्विक महंगाई बढ़ने की आशंका है,इससे दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक मोर्चे पर राहत देने की रफ्तार धीमी हो सकती है
12 Morgan Stanley के एनालिस्ट का कहना है कि सेंसेक्स में मौजूदा स्तर से करीब 41% तेजी की उम्मीद है,एनालिस्ट का कहना है कि सेंसेक्स 1लाख 5 हजार के पार दिसंबर 2025 तक जा सकता है भारतीय बाजारों में रिस्क के मुकाबले मुनाफे की संभावनाएं बढ़ रही है
13 राजस्थान में लू की चेतावनी,MP में पारा 39° पार,हिमाचल में बर्फबारी का यलो अलर्ट,पंजाब में अगले दिन बारिश की संभावना
14 फरवरी में रिटेल महंगाई 4% से नीचे आ सकती है, सांख्यिकी मंत्रालय शाम 4 बजे जारी किए आंकड़े,जनवरी में महंगाई 4.31% पर थी
15 मामुली गिरावट के साथ बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार सेंसेक्स निफ्टी दोनों लाल निशान पर बंद
16 पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक: BLA का दावा-20 सैनिकों को मारा,182 लोग बंधक, सिक्योरिटी फोर्स ने कहा:13 आतंकी मारे
17 पाकिस्तानी सेना का BLA के खिलाफ एक्शन;ट्रेन में बंधक बनाए 80 यात्रियों को छुड़ाया, गोलीबारी जारी
18 मॉरीशस सिर्फ एक साझेदार देश नहीं,हमारे लिए एक परिवार है:PM मोदी
19 मॉरीशस ने भी बढ़ाया भारत का मान,पीएम मोदी को दिया देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान
20 अमेरिका-कनाडा व्यापार युद्ध तेज,ट्रंप ने स्टील और एल्युमिनियम टैरिफ दोगुना करने का ऐलान किया
21 Manipur:सेना का ट्रक खाई में गिरा,BSF के तीन जवानों की मौत...13 गंभीर रुप से घायल
22 यूक्रेन युद्ध विराम प्रस्ताव पर सहमत,अमेरिका सुरक्षा सहायता फिर से शुरू करेगा
23 दिल्ली कोर्ट बोला: केजरीवाल पर FIR दर्ज करो,सरकारी पैसे के गलत इस्तेमाल का आरोप,प्रचार के लिए बड़े होर्डिंग लगवाए थे
24 संभल हिंसा:जेल में बंद 113 दंगाइयों की जमानत याचिका खारिज,4 की मौत और 29 पुलिसकर्मियों को घायल करने का आरोप
25 भारतीय कुश्ती के लिए षड्यंत्र रचे गए,पर अब,बृजभूषण का WFI से नलिंबन हटने पर आया बयान
26 होली और जुमे पर फिर हुई तल्ख बयानबाजी,अब दरभंगा की मेयर बोलीं:दो घंटे रोकी जाए होली
27 Delhi:केंद्र ने जम्मू-कश्मीर के दो समूहों पर 5 साल के लिए लगाई पाबंदी,कहा:आतंकी गतिविधियों में थे शामिल
28 Poland:हर साल एक लाख स्वयंसेवकों को सैन्य प्रशिक्षण देगी सरकार,रूसी खतरे के बीच रिजर्व सेना बनाना लक्ष्य
29 जादवपुर यूनिवर्सिटी में आजाद कश्मीर,फ्री फिलिस्तीन की पेंटिंग,TMC बोली:पूरे कैंपस में ऐसी तस्वीरें,वामपंथी छात्र संगठनों का हाथ;FIR दर्ज
30 दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के,मेघालय का बर्नीहाट टॉप, दिल्ली सबसे पॉल्यूटेड कैपिटल; ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड समेत 14 देश सबसे साफ
31 भरतपुर में पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा,8 अवैध हथियार,सहित तीन कुख्यात बदमाश गिरफ्तार
32 विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान का दिल्ली में किया स्वागत
33 यूक्रेन का मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला,रूस का दावा:हमले को किया नाकाम
34 Champions Trophy: पुरस्कार समारोह में अनदेखी पर PCB ने ICC के समक्ष दर्ज कराया वरोिध
35 केजरीवाल पर FIR के आदेश;अब सैटेलाइट से इंटरनेट मिलेगा,स्पेस X-एयरटेल में डील
36 दत्तात्रेय होसबाले बोले:देश को इंडिया नहीं,भारत कहो,नोएडा में कहा:कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया नहीं,कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ भारत लिखना चाहिए
37 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा अपने देश को इंडिया नहीं,भारत कहना चाहिए,इसे ठीक करना पड़ेगा,देश को दो नामों से क्यों जाना जा रहा है?इसे ठीक करना ही पड़ेगा,भारत है तो भारत ही कहो
38 जम्मू कश्मीर:देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं सहन होगा;गृह मंत्रालय ने JKIM पर पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध
39 भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा;केंद्रीय बैंक ने मंगलवार इसकी जानकारी दी
40 हिमाचल में भारी बारिश-बर्फबारी का यलो अलर्ट,बिजली गिरने की आशंका;राजस्थान के बाड़मेर में पारा सामान्य से 7.5 डिग्री ज्यादा




# फिल्म जाट से रणदीप हुड्डा का खूंखार लुक जारी, सनी देओल से दो-दो हाथ करेंगे रणतुंग

सनी देओल की आगामी फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म से बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा का खतरनाक लुक जारी किया है, जिसमें रणदीप का किरदार काफी उग्र दिखाया गया है. लुक के साथ मेकर्स ने रणदीप के किरदार के नाम का भी खुलासा किया है. मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर रणदीप हुड्डा के किरदार की झलक साझा की है. साथ ही उनके किरदार के नाम से पर्दा उठाया है. क्लिप को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, जाट की दुनिया से खतरनाक राणातुंगा के रूप में शानदार रणदीप हुड्डा को पेश किया जा रहा है. जाट के साथ एक बेदर्द मुठभेड़ के लिए स्टेज तैयार है. 10 अप्रैल को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज. वीडियो की शुरुआत पुलिस स्टेशन में बैठे रणदीप हुड्डा से होती है. वह कहते हैं, मुझे मेरा नाम बहुत प्यारा है. इसके बाद वीडियो में रणदीप का एक शानदार शॉट दिखाया जाता है, जिसमें वह बारिश में बाहर बैठे हैं और वह अपने सिर को जूट के थैले से ढके हुए हैं. वह एक सिगरेट जलाते हैं, जो उनके उग्र अवतार को दर्शाता है. जैसे-जैसे सीन सामने आता है, उनका किरदार एक ऐसी ताकत में बदल जाता है, जिसका सामना करना मुश्किल होता है. वह पूरी तरह से खूंखार अवतार में नजर आते हैं. चाकू के साथ लिया गया शॉर्ट काफी दमदार है. यह सीन दिखाता है कि वह आगे आने वाली किसी भी चुनौती के लिए तैयार है. इसके बाद रणदीप अपने किरदार के नाम से पर्दा उठाते हैं और बताते हैं कि उनका नाम राणातुंगा है. रणदीप हुड्डा का ये उग्र अवतार उनके फैंस को काफी पसंद आया है. एक फैन ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा है, वाह हुड्डा वाह जाट. कई यूजर्स ने फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताया है. फैंस ने इस पोस्ट को लाल दिल और आग वाले इमोजी से भर दिया है. एक्शन फिल्म जाट को गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है. एक्शन कोरियोग्राफी अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने की. फोटोग्राफी के डायरेक्ट के रूप में ऋषि पंजाबी हैं. एडिटिंग नवीन नूली ने किया है, जबकि प्रोडक्शन डिजाइन अविनाश कोला ने किया है. इस फिल्म में सनी देओल अहम भूमिका में नजर आएंगे. एक्शन से भरपूर यह फिल्म 10 अप्रैल को महावीर जयंती के मौके पर रिलीज होगी. इसी दिन केजीएफ स्टार यश की टॉक्सिक और प्रभास की द राजा साहब भी सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.

# श्रीलीला को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन





कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में श्रीलीला को कार्तिक की पारिवारिक पार्टी में देखा गया था, जिसके बाद से दोनों के डेटिंग की अफवाहें जोर पकड़ने लगीं। अब इन अफवाहों को और बल तब मिला जब कार्तिक की मां माला तिवारी ने अपने बेटे और श्रीलीला के रिश्ते को लेकर इशारों-इशारों में पुष्टि कर दी। आईफा अवॉड्‌र्स के दौरान कार्तिक आर्यन की मां माला तिवारी और करण जौहर के बीच एक दिलचस्प बातचीत हुई। करण ने कार्तिक की मां से मजाकिया अंदाज में पूछा, "आप अपने घर के लिए किसे चुनेंगी?" इस सवाल पर दर्शकों ने अनन्या पांडे का नाम लिया, लेकिन कार्तिक की मां ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "घर की मांग एक डॉक्टर है।" करण ने तुरंत ही कार्तिक की ओर देखते हुए कहा, "आप एक डॉक्टर के साथ काम कर रहे हैं।" श्रीलीला न केवल एक शानदार अभिनेत्री हैं, बल्कि एक एमबीबीएस डॉक्टर भी हैं। उनकी और कार्तिक की बढ़ती नजदीकियों को लेकर पहले से ही अफवाहें थीं, जिन्हें इस बातचीत ने और हवा दे दी।

# साड़ी में कहर बरपाती दिखीं तमिल की हसीना यशिका आनंद






साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री यशिका आनंद अक्सर अपने हॉट और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर फैंस को अपने हुस्न का कायल बनाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस यशिका आनंद हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस यशिका आनंद ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस यशिका आनंद जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीर और वीडियोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालिया शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने लैवेंडर कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसके सीक्वेन्स में उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है। गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस यशिका आनंद ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अवतार इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है। बता दें कि यशिका आनंद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# राजकुमार राव की फिल्म मालिक में शामिल हुईं हुमा कुरैशी



अभिनेता राजकुमार राव को पिछली बार फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।अब राजकुमार जल्द ही फिल्म मालिक के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है। वह डेढ़ बीघा जमीन, बोस: डेड/अलाइव और भक्त जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। अब मालिक में हुमा कुरैशी की एंट्री हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, मालिक की स्टार कास्ट में हुमा शामिल हो गई हैं। इस फिल्म में वह मेहमान (कैमियो) भूमिका निभाती नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि राजकुमार की फिल्म में हुमा एक खास गाने पर डांस करती दिखाई देंगी। अपने हिस्से की शूटिंग उन्होंने 2024 में कर ली थी। बता दें कि





साल 2022 में आई फिल्म मोनिका ओ माय डार्लिंग के बाद मालिक राजकुमार और हुमा के बीच दूसरा सहयोग है। यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें राजकुमार एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म में उनका अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। गौरतलब है कि इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का पहला पोस्टर पिछले साल राजकुमार के 40वें जन्मदिन पर रिलीज किया गया था।

# आईफा अवॉड्‌र्स में कृति सेनन के लुक ने खींचा ध्यान, ट्रोलर बोले अजीब







जयपुर। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी आईफा अवॉड्‌र्स का आगाज जयपुर में हुआ, जहां बॉलीवुड सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने ग्लैमरस अंदाज से सबका ध्यान खींचा। इसी दौरान एक्ट्रेस कृति सेनन का लुक भी सुर्खियों में रहा। उन्होंने व्हाइट ऑफ-शोल्डर गाउन और खुले गीले बालों में रेड कार्पेट पर पोज दिए। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनके इस लुक को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली है। कृति सेनन के आत्मविश्वास और स्टाइल स्टेटमेंट की जहां कई फैशन एक्सपट्‌र्स ने तारीफ की, तो वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को उनका यह लुक खास पसंद नहीं आया। कुछ यूजर्स ने उनके हेयरस्टाइल को लेकर कमेंट करते हुए लिखा, लगता है नहाने के बाद सजना-संवरना भूल गईं। वहीं, कुछ ने उनकी ड्रेस को अजीब करार दिया। हालांकि, कृति सेनन ने ट्रोलिंग की परवाह किए बिना रेड कार्पेट पर अपने स्टाइल को पूरे कॉन्फिडेंस के साथ कैरी किया और जमकर पोज दिए।

फैशन इंडस्ट्री के कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कृति का यह लुक ट्रेंडसेटर साबित हो सकता है। आईफा अवॉड्‌र्स के इस भव्य आयोजन में करीना कपूर, शाहिद कपूर, ऋचा चड्ढा, करिश्मा तन्ना और उर्फी जावेद सहित कई सितारों ने शिरकत की और अपने लुक्स से फैंस को इंप्रेस किया। अब देखना यह होगा कि कृति सेनन का यह लुक आने वाले दिनों में फैशन ट्रेंड बनता है या ट्रोल्स की वजह से भुला दिया जाता है। अंतत: यही सही है कि कृति सेनन का आईफा अवॉड्‌र्स लुक सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा में आया और उनके व्हाइट ऑफ-शोल्डर गाउन और गीले-से बालों वाले लुक ने लोगों को मदमस्त तो किया ही है। बहरहाल हर किसी को तो ऐसा स्टाइल पसंद नहीं आ सकता सो कुछ ने इसे ट्रेंडी बताया, तो इसमें गलत भी क्या है। यहां कहना गलत नहीं होगा कि सेलिब्रिटीज़ अक्सर अपने लुक्स और फैशन चॉइसेज़ के लिए ट्रोलिंग का सामना करते हैं, लेकिन कई बार वही लुक्स आगे चलकर ट्रेंड भी बन जाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।